
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-88 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

01 अप्रैल 2025 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



सानिया मिर्जा की...

@ पेज 7

# आईएमडी ने दे दी चेतावनी, अगले तीन महीने जमकर पड़ेगी गर्मी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इन तीन महीनों में मध्य और पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में सामान्य से ज्यादा दिन तक लू चल सकती

### ● 16 राज्यों में सामान्य से ज्यादा दिन तक चलेगी लू

है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि अगले तीन महीने जमकर गर्मी पड़ने के आसार हैं। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इन दोनों क्षेत्रों में तापमान के सामान्य रहने की संभावना है।

आईएमडी प्रमुख ने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। महापात्रा ने कहा, ''अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से दो से चार दिन अधिक लू चलने की संभावना है।'' आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात दिन तक लू चलती है।

आईएमडी के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मियों के दौरान लू के दिनों की संख्या दोगुनी हो सकती है। इस क्षेत्र में गर्मियों के मौसम के दौरान आमतौर पर पांच से छह दिन लू चलती है। जिन राज्यों में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है उनमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से शामिल हैं।

अप्रैल में भारत के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है। हालांकि, सुदूर दक्षिणी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के कुछ इलाकों में तापमान सामान्य रह सकता है। महापात्रा ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा, सिवाय उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर के कुछ स्थानों के, जहां तापमान सामान्य या सामान्य से थोड़ा कम रह सकता है।

**9-10 फीसदी बढ़ जाएगी बिजली की मांग:** विशेषज्ञों ने कहा है भारत को इस साल गर्मियों के मौसम में बिजली की मांग में 9 से 10 प्रतिशत की वृद्धि के लिए तैयार रहना चाहिए। पिछले साल, देशभर में बिजली की अधिकतम मांग 30 मई को 250 गीगावाट को पार कर गई थी, जो पूर्व में किये गए अनुमानों से 6.3 प्रतिशत अधिक थी। जलवायु परिवर्तन, बिजली की मांग में वृद्धि करने वाले प्रमुख कारकों में से एक है।

## संक्षिप्त समाचार

### इमरान खान को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए किया गया नामित

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मानवाधिकार और लोकतंत्र के लिए उनके प्रयासों को लेकर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। यह घोषणा पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस और नॉर्वेजियन राजनीतिक पार्टी सेंट्रम ने की है। पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस एक वकालत समूह है, जो दिसंबर 2023 में स्थापित हुआ था। यह संगठन नॉर्वे की राजनीतिक पार्टी पार्टी



सेंट्रम से जुड़ा है। पार्टी सेंट्रम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग (ट्विटर) पर इसकी पुष्टि की है।

पार्टी सेंट्रम ने रविवार को एक्स पर कहा, ÷हमें पार्टी सेंट्रम की ओर से यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि नामांकन के अधिकार वाले किसी व्यक्ति के साथ गठबंधन करके, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान में मानवाधिकार और लोकतंत्र के लिए उनके काम के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।÷ 2019 में भी इमरान खान को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया था, जब उन्होंने दक्षिण एशिया में शांति स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, हर साल, नॉर्वेजियन नोबेल समिति को सैकड़ों नामांकन प्राप्त होते हैं, जिसके बाद वो आठ महीने की लंबी प्रक्रिया के माध्यम से विजेता का चयन करते हैं।

### इजरायल ने गाजा को लेकर सुना दिया नया फरमान

**दीर अल-बला (एजेंसी)।** इजरायल की सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर रफा के अधिकांश हिस्सों को खाली करने के आदेश जारी किए हैं, जो गाजा पट्टी के सबसे दक्षिणी शहर में इजरायली सेना द्वारा एक और बड़ा जमीनी अभियान शुरू करने के संकेत हैं। इजरायल ने इस महीने की शुरूआत में हमास समूह के साथ अपने युद्ध विराम को समाप्त कर दिया था और हवाई एवं जमीनी युद्ध को फिर से शुरू कर दिया है। मार्च की शुरूआत में इसने क्षेत्र के लगभग 20 लाख फलस्तीनियों को भोजन, ईंधन, दवा और मानवीय सहायता की



सभी आपूर्ति काट दी ताकि हमास पर युद्ध विराम समझौते में बदलावों को स्वीकार करने का दबाव बनाया जा सके। निकासी के आदेश लगभग पूरे शहर और आस-पास के इलाकों के लिए जारी किए गए प्रतीत होते हैं। सेना ने फलस्तीनियों को मुवासी की ओर जाने का आदेश दिया, जो तट के किनारे तंबुओं वाला रिहायशी इलाका है। यह आदेश ईद-उल-फितर के दौरान आया, जो आमतौर पर रमजान के पाक महीने के दौरान रोजे की समाप्ति पर महीने के आखिर में मनाया जाने वाला एक त्योहार है। पिछले साल मई में इजरायल ने मिस्र की सीमा पर रफा में एक बड़ा अभियान चलाया था, जिससे इसका बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया है। सेना ने सीमा पर एक रणनीतिक गलियारे के साथ-साथ मिस्र के साथ 'रफा क्रॉसिंग' पर भी कब्जा कर लिया, जो गाजा का बाहरी दुनिया के लिए एकमात्र प्रवेश द्वार है।

## बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे कुणाल कामरा, पुलिस नहीं कर पा रही संपर्क

**मुंबई (एजेंसी)।** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामले में मुंबई पुलिस ने कुणाल कामरा को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा था। इस नोटिस के मुताबिक कुणाल कामरा को आज यानी 31 मार्च को खार पुलिस स्टेशन में आकर अपना बयान दर्ज कराना था। हालांकि कुणाल कामरा आज भी खार पुलिस स्टेशन में अपना बयान



दर्ज कराने के लिए पेश नहीं हुए। इससे पहले भी मुंबई पुलिस कुणाल कामरा को दो समन भेज चुकी है। वहीं मुंबई पुलिस का कुणाल कामरा से संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। कुणाल कामरा को 7 अप्रैल तक अग्रिम जमानत मिली हुई है। ऐसे में अब मुंबई पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए कानूनी सलाह लेगी। बता दें कि मुंबई पुलिस ने गुरुवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को बयान दर्ज कराने के लिए 31 मार्च को पेश होने को कहा था। एक अधिकारी ने बताया कि कुणाल कामरा को मंगलवार को पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने सात दिन का समय मांगा था। अधिकारी ने बताया, ''उन्हें जारी दूसरे समन में कुणाल कामरा को 31 मार्च को पुलिस के समक्ष पेश होने को कहा गया है।'' बता दें कि पुलिस ने राहुल कनाल समेत शिवसेना के 12 कार्यकर्ताओं को भी स्टूडियो में तोड़फोड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। हालांकि उन्हें हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटों बाद ही जमानत दे दी गई थी। दरअसल, पूरा मामला हाल ही में खार के हैबिटेट कॉमेडी क्लब में कुणाल कामरा के शो से जुड़ा है। यहां उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए एक पैरोडी गाना गाया था। इस घटना के बाद शिवसेना समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था। इसी क्रम में रविवार रात क्लब और होटल में तोड़फोड़ की थी।

**27.4 करोड़ का माल जब्त, 4 नाइजीरियन स्टूडेंट समेत 5 गिरफ्तार**

# दिल्ली-एनसीआर में ड्रग्स तस्करों का भंडाफोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में ड्रग्स तस्करों का भंडाफोड़ हुआ है। इनके पास से 27.4 करोड़ रुपये कीमत की ड्रग्स बरामद की गई है। साथ ही 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 4 नाइजीरियन स्टूडेंट हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (हृष्टक्क) और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने छतरपुर, तिलक नगर और ग्रेटर नोएडा में छापेमारी की।

संयुक्त रूप से की गई इस छापेमारी में 5.103 किलोग्राम क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, 4.142 किलोग्राम अफगान हेरोइन, 5.776 किलोग्राम स्ठ्ठरू (एक्स्टसी पिल्स) और 26 ग्राम कोकीन जब्त की गई है। हृष्टक्क और दिल्ली पुलिस के इस ज्वाइंट ऑपरेशन में 4 अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

ये सभी अफ्रीकी नागरिक (नाइजीरियन) स्टूडेंट वीजा पर भारत आकर दिल्ली और पंजाब के विश्वविद्यालयों में



दाखिला लेकर ड्रग तस्करी में शामिल थे। अब हृष्टक्क और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल यह जानने की कोशिश कर रही है की जब्त की गई ड्रग्स को भारत कैसे लाया गया? इस देश के किन-किन राज्यों में ड्रग्स की सप्लाई की जा रही थी?

**दिल्ली में ड्रग्स तस्करी एक बड़ी समस्या बन रही:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ड्रग्स तस्करी एक गंभीर समस्या बन गई है। देश की राजधानी होने के कारण इसे और भी चिंताजनक माना जाता है। दिल्ली ड्रग तस्करों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। यहां ड्रग्स की तस्करी के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय गिरोह शामिल हैं।

## 41 की उम्र में महिला ने 14वें बच्चे को दिया जन्म

**हापुड़ (एजेंसी)।** त्तर प्रदेश के हापुड़ में महिला ने ईद से पहले अपने 14वें बच्चे को जन्म दिया है। मामला जनपद हापुड़ के पिलखुवा क्षेत्र का है, जहां गुड़िया नाम की एक महिला को प्रसव पीड़ा होने के बाद एंबुलेंस से अस्पताल लाया जा रहा था। इसी दौरान अस्पताल के पास पहुंचने पर



महिला ने एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया, जिसको हापुड़ सीएचसी में भर्ती कराया गया। 26 मार्च का यह मामला जनपद में चर्चा का विषय बन गया है। आधार कार्ड के अनुसार इमामुद्दीन की पत्नी गुड़िया की उम्र करीब 41 वर्ष है, जिसके बड़े लड़के साहिल की उम्र करीब 22 साल है। महिला ने 14वें बच्चे के रूप में बेटी को जन्म दिया है। बच्चे के जन्म के बाद जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जच्चा और बच्चा दोनों की जांच की, जिसमें दोनों को स्वस्थ पाया गया।

## 'मुस्लिमों की जमीन-जायदाद छीन ली जाएगी, ऐसा क्यों कह रहे लोग'

**वक्फ बिल पर और क्या बोले किरेन रिजिजू ने कहा-**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ईद के मौके पर वक्फ बोर्ड बिल को लेकर कई बातें कहीं हैं। रिजिजू ने कहा, सड़कों पर पत्थर लेकर लोगों को उकसाना देश के लिए ठीक नहीं है। कुछ लोग कह रहे हैं कि मुस्लिम का जमीन-जायदाद छीन ली जाएगी। मुझे समझ नहीं आ रहा ऐसा क्यों कह रहे हैं? यह देश सविधान और कानून से चलता है। किसी की जमीन कैसे छीन सकते हैं? झूठ बोलकर लोगों का बरगलाना ठीक नहीं है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा, कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं। मैं कहूंगा झूठ न बोलें। झूठ बोलकर समाज को गुमराह करने का काम न करें। वक्फ बिल को कब लाएंगे आपको बता देंगे।

अल्पसंख्यक मंत्री ने कहा, कई जगहों पर लाउड स्पीकर लगाकर कहा जा रहा है। मुसलमानों की जमीन छीनी जा रही है। ऐसा जो कह रहे हैं, उन्हें पहचानिए। इतना ब्लैक एंड व्हाइट झूठ बोलने की जरूरत किसी को नहीं है। आज ईद का दिन है। झूठी बातें नहीं बोलनी चाहिए। आज के दिन जो झूठ बोलेगा, इसका मतलब वो नकली आदमी है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज तक हिंदुस्तान के इतिहास में इतनी व्यापक चर्चा किसी बिल की नहीं हुई है। किसी




बिल पर 97 लाख से यादा मेमोरेंडम को रिसीव किया गया है। देर रात तक चर्चा करनी पड़ी है। हम चर्चा करने को अब भी तैयार हैं। नियम के तहत जो जितना बोल सकता है, बोलने को आजादी है।

वक्फ बोर्ड बिल, जिसे औपचारिक रूप से वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित एक कानून है, जो वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करने के लिए लाया गया है। यह बिल वक्फ बोर्डों के कामकाज, संरचना और अधिकारों में बदलाव लाने का प्रयास करता है ताकि उनकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़े। साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित हो और वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन हो सके।

## दिल्ली के लक्ष्मीनगर में हॉस्पिटल में लगी आग

**4 दमकल गाड़ियों को करनी पड़ी मशक्कत**

**कटक (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली के लक्ष्मीनगर इलाके से बड़ा हादसे की खबर सामने आई है। लक्ष्मीनगर इलाके में एक हॉस्पिटल में देर रात आग लग गई जिस कारण लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। दिल्ली फायर सर्विस ने इस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की और दमकल की 4 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। अब तक मिली जानकारी की मुताबिक, फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा हॉस्पिटल में आग पर काबू पा लिया गया है।

**कोई हताहत नहीं हुआ:** दिल्ली के लक्ष्मीनगर में अस्पताल में लगी आग को लेकर फायर सर्विसेज के फायर ऑफिसर दीपक हुड्डा ने कहा- ÷हमें एक अस्पताल में आग लगने की सूचना मिली। आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी और उसे बुझा दिया गया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं, आग लगने के पीछे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।÷

**द्वारका में भी लगी थी आग:** इससे पहले दिल्ली के द्वारका मोड़ इलाके में



भी 18 मार्च को देर रात भयानक आग लगने की घटना सामने आई थी। इस घटना में बड़े स्तर पर नुकसान हुआ था। दिल्ली फायर सर्विसेज के अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भीषण आग लगने से कम से कम 30 झुग्गियां, दो फैक्टरी और कुछ दुकानें जलकर खाक हो गई थीं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। ये आग 1,200 वर्ग गज से अधिक क्षेत्र में फैल गई थी। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली।

# निधि तिवारी बनीं प्रधानमंत्री मोदी की प्राइवेट सेक्रेटरी

**डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग ने हाल ही में मंत्रालय में कई अधिकारियों के कामों में फेरबदल किए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग ने हाल ही में मंत्रालय में कई अधिकारियों के कामों में फेरबदल किए हैं, इसी सिलसिले में आईएफएस निधि तिवारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी सचिव (प्राइवेट सेक्रेटरी) बना दिया गया है। जानकारी दे दें कि निधि तिवारी 2014 बैच की इंडियन फॉरेन सर्विस की अधिकारी हैं। छ्वश्चक्क्ष की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, निधि तिवारी वर्तमान में पीएमओ में उप सचिव के रूप में काम कर रहीं थी, लेकिन अब वे पीएम की पर्सनल सेक्रेटरी के रूप में काम करेंगी। निधि तिवारी ने प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीए रही हैं, जिस देखते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में निधि तिवारी को कई जरूरी महत्वपूर्ण कार्य संभालने



होंगे, जिनमें प्रधानमंत्री के रोजाना कार्यों का समन्वय, महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ तालमेल रखना इत्यादि होगा।

**निधि तिवारी कौन हैं?** जानकारी दे दें कि निधि तिवारी 2014 बैच की इंडियन फॉरेन सर्विस की अधिकारी हैं, वह अभी पीएमओ में उप सचिव के रूप में काम कर रहीं थी। आईएफएस निधि तिवारी को नवंबर 2022 में पीएमओ का उप सचिव बनाया गया था। पीएमओ में आने से पहले वह विदेश मंत्रालय (रूश्व) में निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के डिवीजन में अवर सेक्रेटरी थीं। अधिकारी वाराणसी की मेहमूरगंज की रहने वाली हैं, उन्हें 2013 के सिविल सर्विस एग्जाम में 96वीं रैंक हासिल हुआ था, तैयारी के समय में वह वाराणसी में ही असिस्टेंट कमीश्नर (कॉमर्शियल टैक्स) के अधिकारी थीं।

**क्या-क्या सुविधाएं मिलतीं है इस पद पर?** मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पीएमएमओ ऑफिस में निजी सचिव के पद पर काम करने वाले अधिकारियों की सैलरी पे मैट्रिक्स लेवल 14 के मुताबिक मिलता है। इस लेवल पर अधिकारियों की सैलरी 1,44,200 रुपये प्रति माह होती है। साथ ही इन अधिकारियों के लिए महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, यात्रा भत्ता और अन्य कई भत्ते दिए जाते हैं। इसके अलावा, उनको एक गाड़ी, पीएम आवास के पास घर और चौकीदार, सुरक्षाकर्मी तक दिए जाते हैं।

## फटे वस्त्र और नंगे पैरों में रामलला के दर्शन करने पहुंचे विधायक

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** गाजियाबाद के लोनी से बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर के कलश यात्रा निकालने पर पुलिस के द्वारा की गई बदसलूकी से वह खासा नाराज हैं। बीजेपी विधायक फटे वस्त्र और नंगे पैरों से अयोध्या पहुंच कर रामलला से न्याय मांग रहे हैं। अयोध्या पहुंचने पर विधायक नंद किशोर गुर्जर ने गाजियाबाद के कमिश्नर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजेपी



विधायक ने गाजियाबाद कमिश्नर पर गौकशी करने और योगी सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाया है। अयोध्या पहुंचने पर बीजेपी विधायक ने कहा कि यह वह भूमि है, जहां से अन्याय का दुराचार, गाय काटने वालों और बहन-बेटियों के साथ अभद्रता करने वालों का नाश हुआ है। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा, राम कथा करना कब से अपराध हो गया है। फटे-कपड़े पहन कर घूम रहा हूं। मैंने प्रण किया था, जब तक न्याय नहीं मिलेगा। नंगे पैर रहूंगा। अन्न ग्रहण नहीं करूंगा।

# सरकार कृषि उपभोक्ताओं के बिजली बिलों का 93 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में वहन करेगी- ऊर्जा मंत्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के पंप पर कृषि उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष में 30,730 रूपये, 54,671 रूपये एवं 1,15,655 रूपये का देयक बनता है। इसमें राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर की गई सब्सिडी की घोषणा अनुसार किसानों को मात्र 750 रूपये प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात किसानों को 3 हार्स पॉवर पंप पर 2250 रूपये, 5 हार्स पॉवर के पंप पर 3750 रूपये एवं 10 हार्स पॉवर के पंप पर 7500 रूपये का ही भुगतान करना होगा। श्री तोमर ने बताया कि सरकार द्वारालिये गये निर्णय के अनुसार कृषिउपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि( रू. 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उपरोक्तानुसार सब्सिडी देने पर शासन प्रत्येक 3 हॉर्स पावर पम्प के लिये कुल राशि28,480 रूपये, 5 हॉर्स पावर पम्प के लिये कुल राशि50,921 रूपये और 10 हॉर्स पॉवर पम्प के लिये कुल राशि1,08,155 रूपये का भुगतान सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। इस घोषणा से कृषिउपभोक्ताओं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशिही जमा करनी होगी। शेष 93 प्रतिशत राशिसरकार सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में लगभग 37 लाख कृषिउपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषिश्रेणी के उपभोक्ताओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र 100 रूपये का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं के लिये सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 566 रूपये का भुगतान करेगी। इस प्रकार के घरेलू उपभोक्ता जिनको सरकार सब्सिडी प्रदान कर रही है, उनकी संख्या पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ 7 लाख है। इस प्रकार विगत वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा लगभग 23,695 करोड़ रूपये एवं पूर्व के वर्ष के 3067 करोड़ रूपये मिलाकर कुल 26,762 रूपये सब्सिडी के रूप में वहन किये गये हैं। इसी तरह सरकार द्वारा अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये भी लगभग इतनी ही राशि बतौर सब्सिडी वहन की जायेगी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने शासकीय कन्या शाला गाडरवारा का किया निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने शनिवार को नरसिंहपुर जिले के शासकीय कन्या शाला गाडरवारा का निरीक्षण किया। उन्होंने एक अप्रैल से नये शैक्षणिक सत्र की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। स्कूल प्रशासन ने बताया कि कन्या शाला में करीब एक हजार छात्राओं के नाम अध्ययन के लिये दर्ज है। मंत्री श्री सिंह ने शाला भवन निर्माण की स्थिति की जानकारी नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन काम गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा किया जायें। मंत्री श्री सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से एक अप्रैल से 4 अप्रैल 2025 तक चलने वाले स्कूल चलें हम अभियान और प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी उनके साथ थे।

# सम्राट विक्रमादित्य की पुण्य-भूमि पर लिखा गया एक और नया अध्याय : राज्यपाल पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य की पुण्य-भूमि पर एक और नया अध्याय लिखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंदीय विधि और न्याय एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को उज्जैन में विक्रमादित्य द हैरिटेज का लोकार्पण किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने सम्राट विक्रमादित्य द हैरिटेज के शुभारंभ एवं विक्रम संवत 2080 की शुरूआत पर शुभकामना देते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की पुण्य-भूमि पर नया अध्याय लिखा गया है। जहां महाकाल स्वयं विराजते है, जहां कालिदास की अमर रचना जन्मी है और जहां विक्रमादित्य ने न्याय की सम्पूर्ण आधार-शिला रखी है। इस पुण्य-भूमि पर 'सम्राट विक्रमादित्य द हैरिटेज' का शुभारंभ कर आज एक और इतिहास रचा गया है। उन्होंने कहा कि महाराजवाड़ा के इस प्राचीन भवन को केवल पुनजीवित करना एवं निर्माण करना नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक विरासत को संवारने का संकल्प है। यह हेरिटेज आधुनिकता और परंपरा का अद्वितीय संगम है। यहां पर्यटकों के लिए



बेहतरीन व्यवस्थाएं मिलेगी। एकक्ुएक कक्ष को आकर्षकनाम भी दिया गया है। उज्जैन का यह हैरिटेज पर्यटन के साथ भगवान महाकाल के भक्तों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। पर्यटकों के लिए यहां आयुर्वेदिक पंचकर्म जैसी अनेक सुविधाओं की भी व्यवस्थाए की गई है। उन्होनें हैरिटेज के निर्माण पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव बधाई भी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश विरासत से विकास की ओर अगसर है। आज से नये युग का प्रादुर्भाव हो रहा है। उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य का काल रामराज्य की तरह रहा है। उन्होनें कहा कि सनातन संस्कृति से श्रेष्ठ परमंपराओं को पुनः जीवित किया जाना चाहिए। आज उज्जैन का गौरव दिवस है, हमें अतीत से वर्तमान तक व्यवस्थाओं पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1235 में इलतुत्मिश ने उज्जैन नगर सहित उत्तर भारत के राज्यों को भी तहस-नहस किया था। उज्जैन में शिवाजी महाराज एवं महाराज सिंधिया के काल में अनेक इमारतों का निर्माण हुआ है। उज्जैन में प्राचीन गौरवशाली इतिहास की झलक दिखाई देती है। ऐतिहासिक इमारतें, जिनका पहले शासकीय कार्यालयों के तौर पर उपयोग होता रहा, उन्हें विरासत के रूप मे संजोने का काम किया जा रहा है। आज 'सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल' का निर्माण महाराजवाड़ा के पुराने भवन का जीर्णोद्धार कर किया गया है। यहां पूर्व में विद्यालय संचालित होता था। इसके निर्माण से इतिहास जीवंत हो रहा है, यहां आने वाले पर्यटकों को आनंद महसूस होगा। पर्यटकों के लिए हैरिटेज होटल में एआई का इस्तेमाल कर अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। महाकाल प्रांगण में बने इस हैरिटेज होटल से श्रद्धालुओं को सुविधा जनक तरीके से महाकाल के दर्शन भी होंगे।

# युवा पीढ़ी को विक्रमोत्सव मनाए जाने की जानकारी पहुँचानी होगी-स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय के देव श्री नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर में विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर ब्रह्मध्वज वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन की प्रस्तुति श्री प्रवीण नामदेव के निर्देशन में दी गई।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने नव संवत्सर, विक्रम संवत-2082 और चैत्र नवरात्र की शुभकामनायें देते हुए कहा कि देश व प्रदेश में यह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज सही मायने में गौरव व उत्सव का दिन है। आज का युग परिवर्तन का युग है। हमारी संस्कृति विश्व की श्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक है। आज इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सहभागिता कर रहे हैं।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भारत के विश्व गुरू बनने की संकल्पना साकार होने वाली है। आदि शंकराचार्य से लेकर हमारे धर्मगुरू इसे स्थापित करने में जुटे हैं। आज पूरे प्रदेश में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत को प्रदेश में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पूर्वजों को स्मरण व श्रद्धासुमन अर्पित करने का अवसर है।

# उप मुयमंत्री श्री शु ल ने कैथ लैब का किया शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार शाम को हरदा शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कैथ लैब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है।



उन्होंने कहा कि पहले गंभीर बीमारियों के इलाज के अभाव में गरीब परिवार के सदस्य बहुत परेशान होते थे। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार के सदस्य प्राइवेट अस्पतालों में अपने गंभीर रोगों का उपचार नहीं करवा पाते थे। जब से सरकार ने आयुष्मान भारत योजना प्रारंभ की है तब से गरीब परिवार के सदस्यों को एक वर्ष में 5 लाख रुपए तक के निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध हो गई है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को गुड़ी पड़वा एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री कमल पटेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में मध्य प्रदेश में नए-नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुए हैं जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी हुई है।

# झाबुआ में सूर्य उपासना कार्यक्रम में मंत्री भूरिया शामिल हुई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत का नववर्ष विक्रम संवत, गुड़ी पड़वा 30 मार्च 2025 को महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति में राजवाड़ा चौक झाबुआ पर पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया है।

संस्कृति विभाग निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर राजवाड़ा चौक में मंत्री महिला एवं बाल विकास सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में और कलेक्टर नेहा मीना की उपस्थिति में सूर्य उपासना कार्यक्रम में श्री सत्यनारायण मंदिर में पूजन कर सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सूर्य उपासना की गई। साथ ही ब्रम्हध्वज को स्थापित किया गया। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया गया और भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का विमोचन कर वितरण के साथ उसके प्रमुख अंशो का वाचन किया गया। नाट्य प्रस्तुति के कलाकारों का सम्मान किया गया। मंत्री सुश्री भूरिया ने समस्त उपस्थितजनों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष के शुभारम्भ पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन से नई पीढ़ी को ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को अवगत कराया जा सके।

इस दौरान जनप्रतिनिधि श्री भानु भूरिया, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री बिट्टू सिंगार, पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल, वन मण्डलाधिकारी श्री हरे सिंह ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता श्री ओम शर्मा, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ का सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। अतः रबी विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण सुनिश्चित करें। इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर असामयिक वर्षा से गेहूँ भीगना नहीं चाहिए।मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि अभी तक 7 लाख 98 हजार 461 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 6 लाख 96 हजार 625 मीट्रिक टन उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण किया जा चुका है। शेष मात्रा 1 लाख 1 हजार 836 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण अति शीघ्र करवायें।कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध गेहूँ का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित भण्डारण के लिये जरूरी हो तो अन्य परिवहनकर्ताओं के ट्रकों को इस कार्य में लगाएं। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर खुले में भण्डारित गेहूँ को समितियों के माध्यम से गोदामों में भण्डारण सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ की स्टेक लगाकर पक्के प्लेटफार्म पर भण्डारित करायें और उसे तिरपाल से कवर करवायें।

# भोपाल में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारंभ, कलियासोत नदी की सफाई के साथ हुआ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जल संरक्षण और स्वच्छता के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ कलियासोत नदी के स्वच्छता के साथ हुई। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, श्री रविंद्र यति, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण, सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान' न केवल जल स्रोतों की सफाई का कार्य है, बल्कि यह जनजागरूकता का भी अभियान है। हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि हमारी तालाब, कुओं बाबड़ियों को स्वच्छ और संरक्षित रहें। नगर निगम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है और जनभागीदारी से इस कार्य को गति दी जाएगी।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा जल संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, यह सतत प्रयासों की मांग करता है। इस अभियान के माध्यम से हम न केवल नदी की सफाई करेंगे, बल्कि लोगों को जल के महत्व और इसके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने मिलकर स्वच्छता शपथ ली और भविष्य में जल स्रोतों की रक्षा के लिए सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

# विक्रम संवत भारत की गौरवशाली कालगणना प्रणाली के साथ हमारी सांस्कृतिक पहचान और सयता का प्रतीक भी है -उप मुयमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ पर विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत ''वर्ष प्रतिपदा'' नव संवत्सर कार्यक्रम का आयोजन रविवार को सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार विक्रम संवत् 2082 के शुभारंभ के अवसर पर सूर्य उपासना, ध्वज वंदना एवं नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का भव्य आयोजन भी में किया गया।



इस अवसर पर खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, श्री रविंद्र यति, कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विक्रम संवत और भारतीय संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि विक्रम संवत न केवल भारत की गौरवशाली कालगणना प्रणाली है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और सभ्यता का प्रतीक भी है। यह कोई आयातित परंपरा नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित वह संवत है, जो प्रकृति, ऋतुचक्र और खगोलीय घटनाओं के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। इस संवत के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हैं और यही हमें दुनिया से अलग और विशेष बनाता है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने आगे कहा कि विक्रम संवत वास्तव में हमारा अपना नववर्ष है, जो केवल तिथि या दिन विशेष नहीं, बल्कि जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।

# मिशन लाइफ के लिये ईको क्लब का गठन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में स्कूलों में विद्यार्थियों को पर्यावरण संबंधी गतिविधियों, जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिये लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों में ईको क्लब गठित किये जाने का निर्देश दिये है। इसके लिये समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

पत्र में निर्देश दिये गये है कि मिशन लाइफ के लिये स्कूलों में ईको क्लब का गठन किया जाये। पर्यावरण संरक्षण पर केन्द्रित आयोजन किये जायें। इन आयोजनों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। मिशन लाईफ के अंतर्गत एनसीईआरटी द्वारा एनआईसीटीई के साथ प्रौद्योगिकी पार्टनर के रूप में एक पोर्टल बनाया गया है। पोर्टल में ईको क्लब की सहायता के लिये मैन्यूअल और डेमो वीडियो तैयार किये गये है। जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र की शालाओं में मिशन लाईफ पोर्टल के उपयोग करने के लिये कहा गया है।

लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश की शालाओं में प्रदूषण के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिये विशेष अभियान चलाने के लिये कहा है। अभियान में रबी की फसल के बाद पराली जलाने से पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं कृषि उत्पादन पर विपरित प्रभाव पड़ने की जानकारी विद्यार्थियों को देने के लिये कहा गया है। संचालनालय ने कहा है कि विद्यार्थियों को बताया जाये कि पराली जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और अन्य हानिकारक गैसें निकलती है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता और मिट्टी में मौजूद कार्बनिक पदार्थ और सूक्ष्म जीव नष्ट होते है। इससे मिट्टी की उर्वरकता भी कम होती है।

# भोपाल में खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर इलाज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के खिलाड़ियों को चोटिल होने पर बेहतर इलाज के लिए अब दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस समस्या के समाधान के लिए गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में स्पोर्ट्स इंजरी के विशेषज्ञ तैयार किए जाएंगे। इसी कड़ी में जीएमसी के ऑर्थोपेडिक विभाग में 1.5 करोड़ रुपए की लागत से एक आधुनिक आर्थोस्कोपी सिम्युलेटर लैब स्थापित की गई है। इस लैब में सबसे पहले ऑर्थोपेडिक विभाग के रेसिडेंट डॉक्टर्स को बेसिक स्पोर्ट्स इंजरी कोर्स में शामिल किया गया है। अगले वर्ष से प्रदेशभर के सरकारी व प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए एडवांस कोर्स शुरू किया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को लैब के उद्घाटन और बेसिक आर्थोस्कोपी स्किल वर्कशॉप के दौरान विशेषज्ञों ने दी। इस मौके पर डॉ. निर्भय श्रीवास्तव, डॉ. सुनीत टंडन, डॉ. आर.पी. कौशल, डॉ. संजीव गौर सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। नई लैब में डॉक्टर्स आर्थोस्कोपी सिम्युलेटर मशीन पर सर्जरी की प्रैक्टिस करेंगे। उनका प्रदर्शन संतोषजनक रहने पर उन्हें केडेवर (मानव अंग मॉडल) पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# दिव्यांगजनों को किया सहायक उपकरणों का वितरण






**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा अटल ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत चिन्हित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। आरईसी लिमिटेड (भारत सरकार का विद्युत मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र का एक महार% उद्यम) के निगमित समाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत आरईसी फउण्डेशन के माध्यम से जनपद क्षेत्र के 98 हितग्राहियों को 15 लाख 84 हजार रूपये राशि के 159 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। वह समाज के अन्य लोगों के साथ गरिमामय जीवन व्यतीत करें यह हमारी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इन्हे विशिष्ट जन का दर्जा दिया है। दिव्यांगजनों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद डॉ मिश्रा ने सहायक उपकरणों के वितरण कार्यक्रम के लिए आरईसी फउंडेशन तथा एलिम्को की सराहना की। सांसद ने कहा कि जिले के सभी दिव्यांगजनों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले। उनके लिए आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंगों तथा सहायक उपकरणों की व्यवस्था हो। सांसद ने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए पुनः शिविरों का आयोजन किया जाएगां शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो तथा गुणवत्तापूर्ण आयोजन हो। कोई भी पात्र व्यक्ति हितलाभ से वंचित नहीं रहे। यदि किसी दिव्यांग को हितलाभ से वंचित किया जाता है तो संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर जिम्मेदारी निर्धारित की जाए।

सांसद डाँ राजेश मिश्र ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने सर्वे का कार्य जारी है। इसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल कर दी गई है। सभी गांवों में सर्वे कार्य की निगरानी रखी जाए जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति छूटे नहीं। इस अवसर पर सांसद ने सभी से जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता की अपील की। सांसद ने कहा कि जल है तभी जीवन है। हमें पानी की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास करना चाहिए। इस अभियान को जन सहयोग से जन आंदोलन में बदलने की आवश्यकता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह तथा जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने दिव्यांगजनों को इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने लाभान्वित दिव्यांगजनों से प्राप्त सहायक उपकरणों का लगातार उपयोग करने तथा उनके व्यवस्थित रखरखाव की अपील की। ऐसे हितग्राही जिन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिली है उन्हें संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पहले इसे चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। ठीक से अभ्यास के बाद ही भीड़ वाले स्थानों में उपयोग करें। अपनी सुरक्षा का सदैव ध्यान रखें। कलेक्टर ने जो दिव्यांगजन हितलाभ से वंचित रह गए हैं उनके चिन्हांकन करने के निर्देश दिए हैं।

प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग ने जानकारी देकर बताया कि आज के कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीधी क्षेत्र के 98 हितग्राहियों को 159 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया है। 18 मोट्रेट ट्राइसिकिल, 24 ट्राइसिकिल, 12 व्हील चेयर, 16 बैशाखी, 20 छड़ी, 2 सी.पी. चेयर, 2 ब्रेल किट, 8 सुगम्य केन, 1 ए.डी.एल. किट, 1 सेल फोन, 46 कान की मशीन एवं 9 कृत्रिम अंगों का वितरण किया गया है।

इस अवसर पर पार्षद पूनम सोनी, जनपद सदस्य प्रदीप सिंह, डॉ देवेन्द्र त्रिपाठी, लालचंद गुप्ता, डॉ विक्रम सिंह, प्रमोद द्विवेदी, अरविंद तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहें।

# एक से चार अप्रैल तक सभी स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

## जिले के प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय आयोजन सीएम राइज स्कूल सीधी में

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्कूल चले अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्कूल चले हम अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय आयोजन सीएम राइज स्कूल सीधी में होगा। सांसद डॉ राजेश मिश्रा और विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इस अभियान के तहत सभी स्कूलों में 1 से 4 अप्रैल 2025 तक प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा।

कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जारी आदेशानुसार एवं श्री अंशुमन राज सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में, जिला शिक्षा अधिकारी श्री पवन कुमार सिंह एवं डीपीसी श्री राजेश तिवारी द्वारा पूरे जिले में 1से 4 अप्रैल तक प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाना है। प्रथम दिवस शाला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक, शाला के पूर्व विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के लिए उन्हें आमंत्रित किया जाएगा। शाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा निरूशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित की जाएगी। ग्राम बसाहट के बाहर रह रहे चिन्हित बच्चों का नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। सभी शालाओं में विशेष मध्यान भोजन का आयोजन किया जाएगा। स्कूल चले हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाज में विभिन्न क्षेत्रों में प्रसिद्ध प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी,साहित्यकार, कलाकार, मीडिया संचार मित्र, पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रचार किया जाएगा।

आमंत्रित व्यक्ति इस दौरान स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत तृतीय दिवस को विद्यालय स्तरीय संस्कृति एवं खेलकूद गतिविधियों पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी दिन साल में उपस्थित विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं एवं शासकीय योजनाओं के बारे में विद्यालय स्टाफद्वारा पालकों को स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है उनके पालकों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

**हार के आगे जीत है:** स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को श्हार के आगे जीत हैश् ध्येय के माध्यम से वर्ष 2025 की परीक्षा में कक्षा नहीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में पुनः प्रवेश के लिए अभिभावकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिए समझाइए दी जाएगी। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी। बैठक में नए शैक्षणिक सत्र में अनामांकित बच्चों का विद्यालय में शतप्रतिशत नामांकन एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए समिति के सदस्यों के साथ कार्य योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी।

# जल गंगा संवध्रन अभियान को जन आंदोलन बनाए




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने ग्राम कपुरी में रामसागर तालाब के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य का शुभारंभ किया। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि जल है तभी जीवन है। जल के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए जल का संरक्षण एवं संवर्धन करना अत्यन्त आवश्यक है।

सांसद ने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन को जन आंदोलन बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सरकार द्वारा नए अमृत सरोवरों एवं खेत तालाबों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही साथ पुराने तालाबों, बावडियों, कुओ एवं अन्य जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। सांसद ने कहा कि यह अभियान जन-जन के जीवन से जुडा अभियान है। इस अभियान की सफलता के लिए इसमें समाज के हर वर्ग को भागीदारी निभाकर जन आंदोलन बनाना होगा। हमें अपनी पुरानी जल संरचनाओं का सम्मान करना होगा। अपने नदियों, तालाबों की सुरक्षा में साफसफाई में अपना योगदान देना होगा। हमें वर्षा के जल को संरक्षित करने की दिशा में अपना योगदान देना होगा। हमें अपने रोजमर्रा के जीवन में भी पानी का अपव्यय रोकना होगा। सांसद ने कहा कि यह अभियान हमारे वर्तमान और भविष्य दोनो से जुड़ा हुआ है। हमें अपने आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर परिवेश बनाकर देना है। इस अवसर पर सांसद ने सभी से पौधे लगाने तथा अपने पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन में सहभागिता करने की अपील की है।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी शैलेष द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग पी.के. त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधिगण गणमान्य नागरिक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# नईगढ़ी के ग्राम पंचायत फुल करण सिंह में जल गंगा संवर्धन अभियान की हुई शुरुआत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नईगढ़ी जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत फुल करण सिंह के हाई स्कूल प्रांगड़ में हुई। इस दौरान कन्या पूजन और सरस्वती पूजन के बाद नाली का भूमि पूजन साथ ही जला अभिषेक और वरुण पूजन किया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज बिजेंद्र कुमार पांडे, तहसीलदार नईगढ़ी मणिराज बागरी, ग्राम पंचायत फुल करण सिंह के सरपंच मुंशी सिंह, हाई स्कूल के प्रिंसिपल, पी एच ई विभाग के एसडीओ व सभी विभागों के कर्मचारी नईगढ़ी जनपद के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनीस पाण्डेय उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में नईगढ़ी जनपद पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अगर जल है तो कल है यह सभी कहते हैं जल है तो जीवन है जल है तो पक्षी है जल है तो पेड़ पौधे है उन्होंने अपने उद्बोधन ने कहा रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून पानी गए न उबरे मोती मानष चून उन्होंने कहा कि बगैर पानी के न जीवन रहेगा हम सबको अब गंभीरता से लेना होगा क्योंकि बीस साल पीछे की अगर बात करे तो गांव गांव में कुएं थे और और 10फिट और20फिर में पानी था और आज 500फिट बोर होते है और पानी नहीं मिलता उन्होंने कहा कि बोर कर लेना महत्वपूर्ण नहीं है जब जमीन में पानी नहीं रहेगा तो बोर से भी आप पानी कैसे निकालेंगे उन्होंने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण हम सभी को करना होगा और उन्होंने अपने उद्बोधन में अनु विभागीय अधिकारी से मांग की जो ऐसे हमारे जल स्रोत हैं चाहे तालाब हो चाहे डैम हो जो फूटे हुए हैं उनके सुरक्षा और जीर्णोद्धार के लिए योजना बनाई जाए साथ ही उन्होंने मांग की कि हमारे नईगढ़ी जनपद क्षेत्र में जो लालगंज के पास जो डैम है और पिपरछता जो शिवराज पर पंचायत में है उसकी खोज खबर ली जाए जिससे कई गांवो का भला हो सकता है उन्होंने सभी से निवेदन किया कि एक दिन इस महा अभियान में सभी श्रमदान दे जीवन हमारा है लोग हमारे हैं प्राण हमारा है इसको बचाने के लिए हम सबको केवल सरकार पर निर्भर नहीं करना है अपने से भी आगे आकर हमें कुछ करना होगा।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन**

# जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण के साथ ही नहरों की साफ-सफाई की गयी






**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जल गंगा संधर्वन अभियान का संचालन जिले में किया जा रहा है। जल संरक्षण के कार्यों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आमजनों ने भाग लेकर श्रमदान किया। साथ ही नवीन जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण शुरूआत हुई तथा पूर्व से निर्मित नहरों व वितरिकाओं की साफ-सफाई की गयी। जल गंगा संवर्धन अभियान में त्योंथर नहर संभाग अन्तर्गत बाणसागर वृहद परियोजना की महाना वितरिका की नहरों की साफ-सफाई की गयी। इटमा में बने बैलेंसिंग रिजर्वायर के झाड़-झंखाड़ की कटाई की गयी तथा जरमोहरा मध्यम सिंचाई परियोजना एवं छदहना लघु बांध के मेड़ की साफ-सफाई की गयी। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी ने बताया कि जगरूकता अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण के महत्व व जल के समुचित उपयोग के संबंध में जानकारी दी गयी। ग्राम चुआं में किसानों को जल संवर्धन अभियान में सहभागिता के लिए जागरूक किया गया साथ ही क्योंटी के 0 किलो मीटर हेड पर अभियान की औपचारिक शुरूआत की गयी।

# लैपटाप पाकर दिव्यांग मुकेश के चेहरे पर आई प्रसन्नता की मुस्कान



मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)। शिक्षा विकास की कुंजी है। इस बात को जितना आम व्यक्ति महसूस करता है उससे अधिक पैरों से दिव्यांग मुकेश कुमार पाण्डेय ने महसूस किया। अपने शिक्षा के जज्बे को सीधी के ग्राम धुम्मा बघऊ निवासी मुकेश कुमार पाण्डेय आईटीआई में पढ़ाई करके पूरा कर रहे है। लगन और समर्पण से पढ़ाई करते हुए मुकेश ने कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की। अब वह सीधी में शासकीय आईटीआई में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनके शिक्षा प्राप्त करने की राह को मुख्यमंत्री निरूशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना ने आसान बना दिया है। अटल ऑडिटोरियम सीधी में उन्हें सांसद डॉ राजेश मिश्रा, अध्यक्ष जिला पंचायत मंजू सिंह एवं कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने मुख्यमंत्री निरूशक्त प्रोत्साहन योजना के तहत निरूशुल्क लैपटाप प्रदान किया। लैपटाप पाकर मुकेश बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा कि यह लैपटाप मेरी आगे की शिक्षा के लिए मददगार होगा। उन्होंने बताया कि अब इस लैपटाप के माध्यम से प्रोग्रामिंग, टायपिंग सहित कम्प्यूटर से संबंधित अन्य कार्य सीखेंगे जो उनके आगामी भविष्य के लिए सहायक होंगे। साथ ही यह लैपटाप उनकी शिक्षा में भी मददगार होगा। निरूशुल्क लैपटाप मिलने से मुकेश पाण्डेय की तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई पूरा करने और स्वयं का रोजगार स्थापित करने की राह आसान हुई है।

# मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से चन्द्र प्रकाश सिंह के जीवन की राह हुई आसान



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** आरईसी लिमिटेड के निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत अंतर्गत जिला प्रशासन एवं एलिम्को के सहयोग से चिन्हित दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया जा रहा है। सीधी जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिले के जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत ग्राम चौफाल पवाई निवासी दिव्यांग चन्द्र प्रकाश सिंह को सांसद डॉ राजेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह तथा कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल निःशुल्क प्रदान की गई। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से चन्द्र प्रकाश सिंह बेहद खुश दिखे। उन्होंने बताया कि वह वन समिति में कार्य करते हैं। दिव्यांग होने के कारण उन्हें अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए घर से बाहर आने-जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। घर की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण वो मोटराइज्ड ट्राई साइकिल खरीद नहीं पा रहे थे। विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से वे काफी खुश है। अब वो आस पास के इलाके में अपनी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पर के माध्यम से आसानी से जा सकते हैं। उन्होंने राज्य शासन, जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उनके आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही करने पर सहृदय आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से अपने कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अब वे आत्मनिर्भर हो गए हैं और अपने कार्य के लिए स्वयं आना जाना सुगमता से कर सकेंगे।

# मोटर वाली ट्रायसाइकिल एवं वैशाखी मिलने से दिव्यांग का बढ़ा आत्मविश्वास



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।**दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सीधी के वार्ड 14 आजाद नगर में रहने वाले 33 वर्षीय दिव्यांग विजय सोनी को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल एवं बैशाखी मिली है, जो उनके लिए चलने-फिरने और दूरस्थ क्षेत्रों में आने जाने के लिए सहायक होगी। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। दूसरों पर निर्भर रहने वाले विजय ने स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का मन बना लिया है। सीधी नगर पालिका की रहने वाले विजय ने बताया कि वह काफी लंबे वक्त से पैरों से असहाय हैं। दिव्यांगता के कारण यहां-वहां नहीं जा पाते। घर परिवार के सदस्यों का सहारा लेकर ही चलना पड़ता था, जो बड़ा कठिनाई भरा था। वे सब्जी मंडी में प्रतिदिन जाकर दूसरे के ठेला ताकने का काम करके जीवन यापन करते है लेकिन अब भारत सरकार की पहल पर आरईसी फाउंडेशन एवं सामाजिक न्याय विभाग की मदद से मोटराइज्ड ट्राय साइकिल सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय की गई है जिससे उनके लिए काफी सहूलियत मिलेगी। अब वह बिना किसी सहारे के बैट्री से चलित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल से यहां-वहां भ्रमण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अब वह अपना व्यवसाय शुरू करेंगे। उसी में पान मसाला रखकर अपना जीवन यापन करेंगे। उन्होंने इसके लिए आरईसी फाउंडेशन, एलिम्को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के साथ-साथ सामाजिक न्याय विभाग सीधी और जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है।

# विचार

## विदेश नीति की विफलता से भारत को पड़ोसी देशों से चुनौती

भारत की विदेश नीति हमेशा से पड़ोसियों के साथ बेहतर संबंधों और वैश्विक मंच पर जरूरत को ध्यान में रखते हुए स्थिति से जुड़ी रही है। हाल के वर्षों में कुछ नीतिगत निर्णयों और पड़ोसी देशों से बिगड़ते संबंधों ने भारत के लिए गंभीर कूटनीतिक चुनौतियां पैदा कर दी हैं। इन चुनौतियों के कारण भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ बिगड़ते संबंधों के कारण कूटनीतिक हार का सामना करना पड़ा है। भारत की सबसे बड़ी हार बांग्लादेश के तीस्ता जल समझौता और नेपाल के संबंधों को लेकर है, जहां सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति में भारत पहुंच गया है। भारत और बांग्लादेश के संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं। बावजूद इसके हाल ही में चीन की बढ़ती दखलंदाजी ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों में खटास ला दी है। तीस्ता जल समझौते पर वर्षों से भारत की टाल-मटोल नीति ने बांग्लादेश को निराश किया। चीन ने इस अवसर का लाभ उठाकर वहां अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा दी। बांग्लादेश और चीन का इस मामले में समझौता होने जा रहा है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में भारत की उपेक्षा के बावजूद बांग्लादेश ने धैर्य बनाए रखा था। नई सरकार के आते ही चीन ने तीस्ता परियोजना को अपने हाथ में ले लिया। यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बड़ी हार है। नेपाल, म्यांमार और अन्य पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंध हाल के वर्षों में काफी तनावपूर्ण हो गये हैं। उन देशों की आंतरिक राजनीति में भारत पर हस्तक्षेप के आरोप लगे हैं। नेपाल में भारत के प्रति असंतोष बढ़ा है। वहीं, म्यांमार में चीन की सक्रियता और भारत की निष्क्रियता ने पड़ोसी देश के साथ संबंधों और सीमा के मामले में भारत को कमजोर किया है। भूटान, हमेशा से भारत का परंपरागत सहयोगी रहा है। भारत और भूटान के बीच में भी दूरियां बढ़ रही हैं। भूटान विदेश नीति के मामले में अधिक स्वतंत्रता से आगे बढ़ रहा है। श्रीलंका और मालदीव मे भी चीन की रणनीतिक पकड़ भारत की तुलना में काफी मजबूत हुई है। भारत का प्रभाव उपरोक्त देशों में सीमित होता जा रहा है। जिसके कारण भारत के लिये सीमावर्ती चुनौतियां बढ़ती चली जा रही हैं। पिछले एक दशक में भारत की विदेश नीति पड़ोसी देशों के साथ अनुकूल नहीं रही है। उससे भारत के संबंध अपने पड़ोसी देशों के साथ पहले की तुलना में बहुत खराब हुए हैं। भारत की यह हार भविष्य में भारत के लिए बहुत बड़ी चुनौतियां पैदा करने जा रही है। यह सिर्फ पडोसी देश तक सीमित नहीं है। इसके प्रभाव भारत की सीमा सुरक्षा एवं व्यापार के क्षेत्र में भी बड़ा असर डालेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर इसका असर होगा। समूचे दक्षिण एशिया में चीन की आक्रामक विदेश नीति ने भारत के लिए कई बड़ी चुनौतियां पैदा कर दी हैं। भारत सरकार की निष्क्रियता से पड़ोसियों के बेहतर रिश्तों को खराब कर दिया है।

# आईपीएल में हो रही है चौकों-छक्कों की बरसात, कौन बनेगा चैंपियन

**चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की एक चहेती टीम है जिसने अब तक 5 बार यह खिताब जीता है। देश के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इस टीम के साथ आरंभ से ही जुड़े हुए हैं। वह 42 साल के हो चुके हैं पर, अब भी खेल रहे हैं। आईपीएल का 18वां सत्र आरंभ हो चुका है। भारत के क्रिकेट इतिहास में आईपीएल की लोकप्रियता चरम पर है। हर साल गर्मियों में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में देश की प्रतिष्ठा भले ही दांव पर न हो लेकिन खिलाड़ियों को मालामाल करने के लिए यह काफी है। आईपीएल यानी इंडियन प्रीमियर लीग देश का एक ब्रांड बन चुका है। इसमें हर खिलाड़ी भाग लेना चाहता है। वजह, बहुत कम समय में लखपति या करोड़पति बनने का यह सुनहरा अवसर है। हम सब जानते हैं कि विभिन्न टीमों में खिलाड़ियों को चुनने के लिए ऊंची बोलियां लगती हैं।**



अच्छे खिलाड़ियों को अपने पाले में करने के लिए फ्रैंचाइजी कंपनियां करोड़ों रुपये न्योछावर कर देती हैं। इस बार भी नीलामी में कई खिलाड़ियों के लिए कंपनियों में होड़ रही। मसलन, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच जमकर होड़ रही। आखिरकार लखनऊ ने 27 करोड़ रुपये में पंत को अपने साथ जोड़ लिया। हालांकि, अभी तक खेले गए दो मैचों में वह कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

कई खिलाड़ियों ने इस बार पाला बदल लिया है। पिछले सत्र तक जो खिलाड़ी जिस टीम में थे वे अब दूसरी टीम के साथ खेलते नजर आ रहे हैं। इसी नाते कई टीमों के नए कप्तान भी दिख रहे हैं। पिछली बार की विजेता टीम कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब की टीम से जुड़ गए हैं। वह इस टीम के नए कप्तान हैं। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 लाख रुपये में खरीदा है। आईपीएल की नीलामी ने साल- दर- साल व्यापक रूप ले लिया है। इस नीलामी से क्रिकेट के खेल में भारत के एक बड़ी ताकत होने और अपने देश में क्रिकेट का विशाल बाजार होने का पता चलता है। यही कारण है कि अपने यहां आईपीएल की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। देखना यह है कि इस बार कौन सी टीम चैम्प्यनि बनेगी? कुल दस टीमों के बीच जोर आजमाइश शुरू हो चुकी है।

कई युवा खिलाड़ी आईपीएल के मंच पर दमदार प्रदर्शन करके देश की टीम में शामिल हो रहे हैं। यह नेशनल टीम में आने का एक दरवाजा बन चुका है। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रिंकू सिंह, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह आदि कुछ ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने आईपीएल के दम पर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है।

चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की एक चहेती टीम है जिसने अब तक 5 बार यह खिताब जीता है। देश के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इस टीम के साथ आरंभ से ही जुड़े हुए हैं। वह 42 साल के हो चुके हैं पर, अब भी खेल रहे हैं। धोनी की वजह से यह टीम सबकी चहेती बनी हुई है। हर बार लगता है कि यह धोनी का आखिरी साल है लेकिन उनके करोड़ों प्रशंसक उन्हें रिटायर नहीं होने दे रहे। 2025 का आईपीएल उनका आखिरी है या नहीं, यह कोई नहीं बता सकता। धोनी जब तक फिट हैं, खेलते रहेंगे।

विराट कोहली एक और ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपनी टीम नहीं बदली। वह शुरू से यानी 2008 से ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हैं। यह बात दीगर है कि उनकी टीम आजतक कोई खिताब नहीं जीत सकी है। कोहली द्वारा कप्तानी छोड़ने के बाद पिछले साल तक दक्षिण अफ्रीका के फाफ डू प्लेसी बेंगलुरू के कप्तान थे। इस बार युवा रजत पाटीदार कप्तान हैं। मुकेश अंबानी के मालिकाना हक वाली टीम मुंबई इंडियंस ने भी 5 बार आईपीएल का खिताब जीता है, मगर जबसे हार्दिक पांड्या इसके कप्तान बने हैं टीम का प्रदर्शन गिरावट पर है। पिछले साल रोहित शर्मा को हटा कर पांड्या को कप्तान बनाया गया। इससे टीम में कटुता भी दिखी है। इस बार भी पांड्या ही कप्तान हैं। जसप्रीत बुमराह इस टीम के मुख्य खिलाड़ी है लेकिन उनके साथ फिटनेस की समस्या है। कई माह से वह मैदान से बाहर हैं। गुजरात टाइटंस तीन साल पहले आईपीएल में शामिल हुई और 2023 में चैम्पियन भी बन गई। तब हार्दिक पांड्या ने अपनी कप्तानी का लोहा मनवाया था। ज बवह मुंबई के साथ चले गए तो शुभमन गिल को गुजरात का कप्तान बनाया गया है।

कोलकाता ने तीन बार आईपीएल जीता है। इस बार नए कप्तान अंजिक्य रहाणे पर यह जिम्मेदारी है कि वह 2024 में जीते खिताब की रक्षा करें। इस टीम के साथ क्विंटन डीकाक भी जुड़ गए हैं जो अभी तक लखनऊ के साथ थे। कोलकाता की जीत के बाद ही इसके कोच गौतम गंभीर को पिछले साल जुलाई में भारत का मुख्य कोच बनाया गया है। हैदराबाद की टीम के कप्तान ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस हैं। उनकी टीम पिछले साल उम्दा प्रदर्शन करके प्ले ऑफ में पहुंची थी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी गुजरात छोड़ कर इस बार हैदराबाद के साथ हैं। राजस्थान रायल्स को आईपीएल का पहला खिताब जीतने का श्रेय प्राप्त है, पर इसके बाद उसके हाथ खाली हैं। भारत के कोच पद से हट चुके राहुल द्रविड़ अब इस टीम के कोच हैं। संजू सैमसन इस टीम के कप्तान हैं। ऋषभ पंत के दिल्ली छोड़ने के बाद अक्षर पटेल को नया कप्तान बनाया गया है। दिल्ली ने अभी तक खिताब नहीं जीता है।

## ईद पर सौगात तो दीपावली पर उपहार क्यों नहीं ?

भाजपा द्वारा गत दिनों सौगात-ए-मोदी नामक एक अभियान की शुरुआत की गयी। इस अभियान के अंतर्गत देश के 32 लाख मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दिये जाने का समाचार है। ख़बरों के मुताबिक़ भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं के माध्यम से देश की अनेक चयनित मस्जिदों में कम से कम 100 लोगों को सौगात-ए-मोदी रुपी विशेष किट देकर उन्हें सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोदी की इस सौगात में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेंवई , सरसों का तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर आदि शामिल हैं। देश भर में मुसलमानों के साथ केंद्र से लेकर अनेक भाजपा शासित राज्यों द्वारा जिसतरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है इन हालात के मद्देनज़र ईद पर सौगात-ए-मोदी पर चर्चा होना लाज़िमी है। सौगात-ए-मोदी से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब देश की जनता सुनना चाहती है। पहला सवाल तो यही कि अपनी स्थापना के समय से ही कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा की नज़रों में क्या यह तुष्टिकरण नहीं है ? क्या कांग्रेस या अन्य दल अल्पसंख्यकों के फ़ायदे के लिये कोई योजनाएं लाएं तो केवल वही तुष्टिकरण है और भाजपा जो करे उसे सन्तुष्टीकरण का नाम दे दे ?दूसरी बात यह कि मोदी का मुस्लिम प्रेम न तो गुजरात में लंबे समय तक उनके मुख्यमंत्री रहते उमड़ा न ही पिछले दस वर्षों में उनकी प्रधानमंत्री काल में यह नज़र आया। फिर अब आख़िर इस सौगात की याद क्यों आई और इसकी ज़रुरत क्यों महसूस हुई ? कहीं यह इसी वर्ष अक्टूबर या नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र मुस्लिम मतों को लुभाने का एक शगूफ़ा तो नहीं ? एक सवाल यह भी कि दूसरे दलों पर वोटों की ख़ातिर मुफ़्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप मढ़ने वाली भाजपा ईद पर बंटने वाली सौगात-ए-मोदी को क्या मुफ़्त की रेवड़ी नहीं कहेगी ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि प्रधानमंत्री ईद पर मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं तो क्या देश की बहुसंख्य हिन्दू आबादी दीपावली पर उपहार की हक़दार नहीं ? प्रधानमंत्री को फ़रवरी 2017 में उत्तर प्रदेश के फ़तेहपुर की एक जनसभा में राज्य की तत्कालीन समाजवादी सरकार के लिये दिये गये उस बहुचर्चित व विवादित प्रवचन को नहीं भूलना चाहिये जिसमें उन्होंने कहा था कि- धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यूपी में भेदभाव सबसे बड़ा संकट है। ये भेदभाव नहीं चल सकता। हर किसी को उसके हक़ का मिलना चाहिए ये सबका साथ सबका विकास होता है। उन्होंने कहा, अगर होली पर बिजली मिलती है तो ईद पर भी बिजली मिलनी चाहिए।


# संघ की 100 वर्षों की संघर्ष यात्रा

संघ अपने कार्य के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है, ऐसे समय में उत्सुकता है कि संघ इस अवसर को किस रूप में देखता है। स्थापना के समय से ही संघ के लिए यह बात स्पष्ट रही है कि ऐसे अवसर उत्सव के लिए नहीं होते बल्कि ये हमें आत्मचिंतन करने तथा अपने उद्देश्य के प्रति पुन- समर्पित होने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही यह अवसर इस पूरे आंदोलन को दिशा देने वाले मनीषियों और इस यात्रा में निस्वार्थ भाव से जुडने वाले स्वयंसेवक व उनके परिवारों के स्मरण का भी है।

100 वर्षों की इस यात्रा के अवलोकन और विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य का संकल्प लेने के लिए संघ संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता जो वर्ष प्रतिपदा यानी हिंदू कैलेंडर का पहला दिन है। डा. हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। भारत भूमि के प्रति उनका अगाध प्रेम और शुद्ध समर्पण बचपन से ही उनके क्रियाकलापों में दिखाई देता था। कोलकाता में अपनी मैडीकल की शिक्षा पूरी करने तक वह भारत को ब्रिटिश दासता से मुक्त कराने के लिए हो रहे सभी प्रयासों यथा सशस्त्र क्रांति से लेकर सत्याग्रह तक से परिचित हो चुके थे। संघ में डाक्टर जी के नाम से पहचाने जाने वाले डा. हेडगेवार ने मातृभूमि को दास्ता की बेड़ियों से मुक्त कराने वाले सभी प्रयासों का सम्मान किया और इनमें से किसी भी प्रयास को कमतर नहीं समझा। उस दौर में सामाजिक सुधार या राजनीतिक स्वतंत्रता चर्चा के प्रमुख विषयों में से थे। ऐसे समय में भारतीय समाज के एक डाक्टर के रूप में उन्होंने उन समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया जिनकी वजह से हम विदेशी दास्ता की बेड़ियों में जकड़े गए। साथ ही उन्होंने इस समस्या का स्थायी समाधान देने का भी निर्णय किया।

उन्होंने अनुभव किया कि दैनिक जीवन में देशभक्ति की भावना का अभाव, सामूहिक राष्ट्रीय चरित्र का ह्रास, जिसके परिणामस्वरूप संकीर्ण पहचान पैदा होती है तथा सामाजिक जीवन में अनुशासन की कमी, विदेशी आक्रमणकारियों के भारत में पैर जमाने के मूल कारण हैं। साथ ही उन्होंने इसका भी अनुभव किया कि विदेशी दासता में लोग अपने गौरवपूर्ण इतिहास को भूल चुके हैं, जिसके चलते उनके मन में अपनी संस्कृति और ज्ञान परंपरा के संबंध में हीन भावना घर कर गई है।

उनका मानना था कि कुछ लोगों के नेतृत्व में केवल राजनीतिक आंदोलनों से हमारे प्राचीन राष्ट्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होगा। इसलिए उन्होंने लोगों को राष्ट्रहित में जीने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु निरंतर प्रयास की एक पद्धति तैयार करने का निर्णय किया। राजनीतिक संघर्ष से आगे की इस दूरदर्शी सोच का परिणाम हमें शाखा आधारित संघ की अभिनव और अनूठी कार्यपद्धति




के रूप में देखने को मिलता है। समाज में संघ की स्वीकार्यता और अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं।

यह सब डाक्टर जी की दृष्टि व कार्यपद्धति की स्वीकार्यता का संकेत है। इस आंदोलन और दर्शन का नित्य नूतन विकास किसी चमत्कार से कम नहीं है। हिंदुत्व और राष्ट्र के विचार को समझाना आसान कार्य नहीं था क्योंकि उस काल के अधिकांश अंग्रेजी शिक्षित बुद्धिजीवी राष्ट्रवाद की यूरोपीय अवधारणा से प्रभावित थे।

राष्ट्रवाद की यह यूरोपीय अवधारणा संकीर्णता और बहिष्करण पर आधारित थी। डा. हेडगेवार ने किसी वैचारिक सिद्धांत का प्रतिपादन करने के बजाय बीज रूप में एक कार्ययोजना दी जो इस यात्रा में मार्गदर्शक शक्ति रही है। उनके जीवनकाल में ही संघ का कार्य भारत के सभी भागों में पहुंच गया था। स्वयंसेवक की अवधारणा मूल रूप से समाज के प्रति जिम्मेदारी और कर्त्तव्य की भावना है, जो शिक्षा से लेकर श्रम और राजनीति जैसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दिखा रही है। सब कुछ राष्ट्रीय चिंतन के आधार पर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए, द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी माधव सदाशिव गोलवलकर इस चरण के दौरान मार्गदर्शक शक्ति थे।भारत एक प्राचीन सभ्यता है, जिसे अपनी आध्यात्मिक परम्पराओं के आधार पर मानवता के हित में अहम भूमिका निभानी है। यदि भारत को एकात्म एवं सार्वभौमिक सद्भावना पर आधारित यह विशेष भूमिका निभानी है तो भारतीयों को इस लक्ष्य के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। इस निमित्त श्री गुरुजी ने एक मजबूत वैचारिक आधार प्रदान किया।

हिंदू समाज के सुधारवादी कदमों को तब नई गति मिली, जब भारत के सभी संप्रदायों ने घोषणा की कि किसी भी प्रकार के भेदभाव को धार्मिक मान्यता नहीं है। आपातकाल के दौरान जब संविधान पर क्रूर हमला किया गया था, तब शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष में संघ के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री राम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक, राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है। संतोष का विषय यह है कि समाज इस व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा बनने के लिए स्वयं आगे आ रहा है। ऐसे समय में जब संघ अपनी यात्रा के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, संघ ने राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण के कार्य को ग्राम एवं खंड स्तर पर ले जाने का निर्णय किया है।

# गर्मी के चलते स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव

### छत्तीसगढ़ में सुबह 7 से 11 और 11 से 3 बजे तक दो पाली में होगी पढ़ाई





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर ने नया शेड्यूल जारी किया है, जो 2 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगा।

जारी आदेश के मुताबिक, सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूल सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। वहीं, जहां दो पालियों में चलने वाले प्राथमिक स्कूल और पूर्व माध्यमिक की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक। हायर सेकेंडरी की कक्षाएं सुबह 11 से 3 बजे तक चलेंगी।

गर्मी बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया है। जिससे बच्चों को दोपहर की तेज धूप से बचाया जा सके। हालांकि, शिक्षा संबंधित कार्यालयों का समय पहले की ही तरह रहेगा। शिक्षा विभाग के इस फैसले से हजारों छात्रों को राहत मिलेगी। क्योंकि इससे बच्चों को लू और गर्मी से बचाव होगा।

**रायपुर जिला सबसे गर्म:** प्रदेश में इस समय रायपुर शहर सबसे ज्यादा गर्म हैं। यहां तापमान 40 डिग्री पार हो गया है। सोमवार को राजधानी में टेम्प्रेचर 40.3 डिग्री रहा। इसी तरह बिलासपुर, रायगढ़, सुकमा और दंतेवाड़ा में भी तापमान 40 के करीब ही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, 5 अप्रैल के बाद तापमान और बढ़ सकता है। ऐसे में दोपहर को स्कूल लगने से स्कूली छात्रों को परेशानी हो सकती थी। इसलिए शिक्षा विभाग ने 30 अप्रैल तक के लिए टाइमिंग बदल दी है।

**तापमान का हाल:** कहां कितना पारा चढ़ा प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में पिछले 24 घंटे में तापमान में बदलाव देखा गया। कुछ जिलों में पारा चढ़ा तो कुछ में मामूली गिरावट भी दर्ज हुई। छत्तीसगढ़ में अप्रैल के शुरुआती दिनों में फिर मौसम बदलने वाला है। 2 अप्रैल के बाद बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। वहीं प्रदेश में तेज गर्मी के कारण सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की टाइमिंग बदल गई है। स्कूल सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे।

जारी आदेश के मुताबिक ये 2 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगा। 2 पालियों में चलने वाले प्राथमिक स्कूल और पूर्व माध्यमिक की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक। वहीं हायर सेकेंडरी की कक्षाएं सुबह 11 से 3 बजे तक चलेंगी।

वहीं मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दक्षिण छत्तीसगढ़ से तमिलनाडु तक (द्रोणिका) महाराष्ट्र और कर्नाटक तक सक्रिय है। इस सिस्टम के चलते प्रदेश के कुछ इलाकों में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश होने की संभावना है।

हालांकि, तब तक प्रदेश में मौसम शुष्क ही बना रहेगा और दिन के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। पिछले दो दिनों से रायपुर सबसे गर्म बना हुआ है। रविवार को यहां तापमान 40.4 डिग्री रहा।

## ट्रांसपोर्टर से मारपीट मे हिंदू समाज ने घेरा एसपी दफ्तर 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी का दिया अल्टीमेटम



**मीडिया ऑडीटर, अंबिकापुर(एजेंसी)।** अंबिकापुर में एक्सीडेंट के बाद ट्रांसपोर्टर संजय सिंह की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। अब मामले में सर्व हिंदू समाज और क्षत्रिय समाज ने एसपी कार्यालय का घेराव कर दिया है। आरोपियों की 24 घंटे में गिरफ्तारी करने की मांग की है। वरना शहर में प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इससे पहले क्षत्रिय समाज ने रविवार देर शाम प्रतापपुर चौक पर प्रदर्शन किया था। दरअसल, अंबिकापुर के रिंगरोड में शुर वार की रात संजय सिंह ने थार वाहन से जिला अस्पताल के डॉक्टर की कार को टक्कार मार दी थी। चिकित्सक के भाई ने ट्रांसपोर्टर के लहूलुहान होने के बाद भी उसके साथ बेरहमी से मारपीट की थी। सिर कलम करने की धमकी दी थी। सर्व हिंदू समाज के लोग सोमवार को बड़ी संख्या में एकजुट हुए और एसपी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। कलेक्टोरेट गेट पर पुलिस ने सर्व हिंदू समाज के लोगों को रोक दिया। समाज के प्रतिनिधि मंडल को अंदर जाने की अनुमति दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने सरगुजा एसपी योगेश पटेल से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने घटना पर चिंता जताई है और कहा कि, आरोपी आदतन बदमाश है। मुख्य आरोपी के खिलाफजिला बदर की कार्रवाई भी की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने आरोपियों के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सरगुजा एसपी योगेश पटेल ने आश्वस्त किया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। एक्सीडेंट के बाद पुलिस ने डॉक्टर की कार को गांधीनगर थाने में खड़ा किया था, लेकिन यह कार बिना पुलिस की जानकारी के ही हुंडई शो रूम पहुंच गई। इसकी जानकारी एसपी योगेश पटेल को दी गई, तो एसपी ने पुलिस को तत्काल कार को थाने में खड़ा करने के निर्देश दिए। सर्व हिंदू समाज ने प्रदर्शन के बाद कलेक्टोरेट चौक पर एकत्र होकर निर्णय लिया कि 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो सर्व हिंदू समाज अंबिकापुर में रैली निकालकर प्रदर्शन करेगा। एसपी को ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व हिंदू समाज एवं क्षत्रीय समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की मौत में परिजन बोले रस्सी से बांधकर पीटा



**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर(एजेंसी)।** सूरजपुर के नशा मुक्ति केंद्र में एक 36 साल के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की प%ी ने उसे शराब की लत से छुटकारा दिलाने 3 दिन पहले नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि उसे बांधकर पीटा गया, जिससे उसकी मौत हुई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

तेजपुर पोड़ी निवासी विजय देवांगन (36) शराब पीने का आदी था। उसकी प%ी ने 26 मार्च 2025 को उसे नशा छुड़ाने के उद्देश्य से सूरजपुर के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। वहीं, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

परिजनों ने बताया कि उन्होंने सोचा था कि नशा मुक्ति केंद्र विजय की नशे की लत छुड़ाने में मदद करेगा, लेकिन 2 दिन बाद, 28 मार्च की रात, उन्हें नशा मुक्ति केंद्र से फोन आया कि विजय की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। जब परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि विजय की मौत हो चुकी है।

**केंद्र से फोन आया- विजय को अटैक आया है:** मृतक के चाचा ससुर ने कहा कि 26 मार्च की शाम को विजय को भर्ती कराया गया था। 28 मार्च की शाम को फोन आया कि उसे अटैक आया है। हम लोग जिला अस्पताल गए, जहां विजय मृत पड़ा था। विजय की हत्या की गई है।

## अच्छे नंबर का लालच देकर प्रोफेसर गंदी हरकत कर भेजता था गंदे मैसेज और रील, महिला आयोग से शिकायत, खैरागढ़ संगीत विवि का प्राध्यापक गिरफ्तार





**मीडिया ऑडीटर, खैरागढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र चौबे को एक छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि प्राध्यापक ने उसे परीक्षा में अच्छे अंक देने का लालच दिया। इसके बाद वह गंदी हरकत करने लगा। छात्रा के विरोध करने पर भी वह उसे बार-बार अपने पास बुलाता रहा। प्रोफेसर ने उसे मोबाइल पर गंदे मैसेज और रील भेजकर मिलने के लिए दबाव बनाया।दरअसल, यह मामला अगस्त 2023 का है। पीड़ित छात्रा ने आरोप लगाया कि डॉ. योगेंद्र चौबे ने परीक्षा में अच्छे अंक देने का लालच देकर उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। पहले वह सामान्य व्यवहार करता था, लेकिन बाद में उसने अश्लील इशारे करने लगा। उसने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया, तब भी प्रोफेसर उसे बार-बार अपने पास बुलाने की कोशिश करते। इतना ही नहीं, प्राध्यापक मोबाइल पर अश्लील मैसेज और रील भेजकर मिलने के लिए दबाव डालते। उसकी हरकतें लगातार बढ़ती गईं। जिससे परेशान होकर छात्रा ने पहने यूनिवर्सिटी प्रशासन से इसकी शिकायत की। लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामला दबा रहा। लेकिन जब प्रोफेसर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो छात्रा ने अगस्त 2023 में राष्ट्रीय महिला आयोग से ऑनलाइन शिकायत की। बाद में जब राष्ट्रीय महिला आयोग ने हस्तक्षेप किया और पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने आयोग के निर्देश पर अगस्त 2023 में छात्रा की शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में एक से साल अधिक लंबे समय तक जांच के बाद अब जाकर शनिवार शाम को प्रोफेसर को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने प्रोफेसर से रातभर पूछताछ की और छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए रविवार को जेल भेज दिया है। खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि छात्रा ने ऑनलाइन राष्ट्रीय महिला आयोग से शिकायत की कि इंदिरा कला संगीत यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र चौबे ने उसका लैंगिक और मानसिक शोषण किया है। पुलिस की जांच में शिकायत की सही पाए जाने पर खैरागढ़ थाने में आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इसके बाद जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। अब पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या आरोपी ने अन्य छात्राओं के साथ भी ऐसा ही गलम व्यवहार किया है।

## दंतेवाड़ा और बीजापुर बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने 25 लाख की इनामी महिला नक्सली को किया ढेर



**मीडिया ऑडीटर, दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** दंतेवाड़ा और बीजापुर बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला नक्सली लीडर रेणुका उर्फ बानू को ढेर कर दिया। रेणुका कर्ज्ञैब- दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर थी। शव के साथ एक इंसास राइफल, गोला बारूद बरामद किया गया। सोमवार सुबह नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों की टीम निकली थी। करीब 9 बजे जवानों का सामना नक्सलियों से हो गया। दोनों ओर से काफी देर तक फायरिंग हुई। इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ?सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक मारे गए 119 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। त्त्ळ (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और ब्त्थ्थ् के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई थी।

## तेज साउंड से गिरा छज्जा, एक बच्चे की मौत, 4 छात्र समेत 9 घायल, नववर्ष पर मस्तूरी में निकाली गई थी शोभायात्रा





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में क्श्र की तेज आवाज से मकान का छज्जा गिर गया। हादसे में 5 बच्चे समेत 10 लोग घायल हो गए। इसमें से एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हिंदू नववर्ष की शोभायात्रा के दौरान हादसा हुआ है। मामला मस्तूरी थाना के मल्हार चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले का नाम प्रशांत केंवट (11) है। कक्षा 6वीं का छात्र था। मलबा गिरने से प्रशांत का सिर फूट गया। वहीं दीपक केंवट (15), दीपेश केंवट (14), हेमंत कैवर्त (13) और चंद्रशेखर केंवट (25) समेत 9 लोगों को गंभीर चोट आई है। 7 महीने पहले बलरामपुर में भी क्श्र की साउंड से एक युवक की मौत हो गई थी। दरअसल, 30 मार्च को हिंदू नववर्ष को लेकर शहर से लेकर गांव-गांव में शोभायात्रा निकाली गई थी। मल्हार में भी युवकों ने नववर्ष पर शोभायात्रा निकाली थी। इस दौरान युवक क्श्र की धुन पर डांस करते हुए गांव में भ्रमण कर रह थे, तभी रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे शोभायात्रा केंवटपारा पहुंची। इस दौरान सभी बच्चे और अन्य लोग शोभायात्रा देखने निकले थे। क्श्र तेज साउंड में बजाया जा रहा था। क्श्र की तेज साउंड और कंपन से ग्रामीण टुकेश केंवट के मकान का छज्जा भरभराकर गिर गया। छज्जे के नीचे खड़े लोग मलबे की चपेट में आ गए। हादसे के बीच चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद केंवटपारा के ग्रामीण खून से सने घायलों को तत्काल मस्तूरी अस्पताल लेकर गए। इनमें चंद्रशेखर केंवट, प्रशांत केंवट, दीपक केंवट, दीपेश केंवट और हेमंत कैवर्त गंभीर रूप से जख्मी थे। इलाज के बाद 3 को बिलासपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि घायलों में 2 बच्चों की हालत गंभीर थी। इनमें प्रशांत केंवट भी शामिल था, लेकिन प्रशांत के सिर पर ज्यादा चोट और ज्यादा खून बह जाने की वजह से उसकी जान नहीं बच सकी।

घायलों का मस्तूरी अस्पताल और बिलासपुर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में एडिशनल एसपी उदयन बेहार ने बताया कि वाहन के पीछे लोग चल रहे थे। बॉक्स के टकराने से छज्जा गिरा है। क्श्र संचालक, गाड़ी के ड्राइवर और आयोजकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। क्श्र को जब्त कर लिया गया है। क्श्र संचालक धर्मेंद्र को और ड्राइवर राज बावरे को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि 2 आयोजक फरार हैं। पुलिस लगातार उनके ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। दोनों आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। 11 सितंबर 2024 को हाईकोर्ट ने साउंड पॉल्यूशन कंट्रोल करने के लिए आदेश दिया था। इस आदेश में साफ लिखा था कि गाड़ियों पर क्श्र बॉक्स रखकर बजाने पर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर और एसपी को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी वाहन पर साउंड बॉक्स न बजे। वाहन में साउंड बॉक्स मिलता है, तो उसे जब्त कर लिया जाएगा और वाहन का रिकॉर्ड रखा जाएगा। जब्त साउंड बॉक्स को मजिस्ट्रेट(कलेक्टर) के आदेश के बाद ही छोड़ा जाएगा। दूसरी बार अगर वही वाहन पकड़ा गया, तो उसका परमिट निरस्त किया जाएगा। फिर नया परमिट हाईकोर्ट के आदेश से ही मिलेगा।

## कोरिया की 69 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त 10 मरीजों के निक्षय मित्र बने राज्यपाल



**मीडिया ऑडीटर, कोरिया (एजेंसी)** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को नई दिशा देते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने 10 टीबी रोगियों के निक्षय मित्र बनने का निर्णय लिया है। कोरिया प्रवास के दौरान उन्होंने 2 टीबी मरीजों को पोषण युक्त फूड बास्केट भेंट किए। साथ ही उन्होंने जिले की 69 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर बधाई दी। राज्यपाल ने मरीजों को आश्वस्त किया कि टीबी पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है। नियमित दवा और पौष्टिक आहार से यह ठीक हो सकती है। उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से भी निक्षय मित्र बनने की अपील की। प्रत्येक फूड बैग की कीमत 500 रुपए है। इसमें प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल हैं। यह मरीजों की जल्द रिकवरी में मददगार साबित होते हैं। 2 ग्राम पंचायतों को वर्ष 2023 के लिए श्टीबी मुक्त ग्राम पंचायतश् का प्रमाण पत्र और कांस्य गांधी प्रतिमा से सम्मानित किया। कार्यर्र म में कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## घायल की मदद करने के बहाने 50 हजार की ठगी




**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग (निप्र)।** भिलाई में मेडिकल बिल भुगतान के लिए मोबाइल मांगा, फिर पिन पूछकर ट्रांसफर किए पैसे

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक युवक ने घायल की मदद करने के बहाने उससे 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। वो पहले घायल को अस्पताल ले गया। वहां बिल भुगतान करने के बहाने उसका फोन लिया। फिर फोन-पे का पिन मांगा। इसके बाद अपने नंबर पर 50 हजार ट्रांसफर कर चला गया। अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, सुशील कुमार गुप्ता (75) निवासी प्लाट नंबर 111/1 हनुमान मंदिर के पास मैत्री कुंज रिसाली भिलाई ने मामले की शिकायत नेवई थाने में कराई है। उन्होंने बताया कि, 27 मार्च 2025 को रात 11 बजे उनके बेटे अमित कुमार का आजाद मार्केट रिसाली में एक्सीडेंट हो गया था। उस दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति आया और उसकी मदद कर उसे सेक्टर-9 हॉस्पिटल पहुंचाया था।

हॉस्पिटल में बिल का भुगतान करने की बात बोलकर उसने अमित का फोन लेकर फोन से पेमेंट करने की बात कही। उसने अमित का पिन मांगा और उसके खाते से अपने खाते में 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। जब अमित ने बाद में देखा तो उसके फोन पे से 50 हजार रुपए कटे थे। उसने कोई मेडिकल बिल भी नहीं दिया था।

नेवई थाना प्रभारी राहुल बसंल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, तो उन्होंने सेक्टर-9 हॉस्पिटल का सीसीटीवी फुटेज निकाला। उसमें जो युवक दिखा उसके रूप में उसकी पहचान संदीप चांदेकर के रूप में हुई। जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

उसने बताया कि अस्पताल में बिल भुगतान के नाम उसने अमित गुप्ता का मोबाइल और फोन-पे का पिन मांगा। फिर दूसरे परिचितों का स्कैनर मांगकर उसमें 38000 और 12000 समेत कुल 50000 रुपए ट्रांसफर कर लिया।

# डूबते भाई को बचाने कूदी बहन, दोनों की गई जान

### तालाब में नहाने के लिये गये थे भाई-बहन



**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में तालाब में नहाने गए भाई-बहन की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, भाई को डूबता देख बहन बचाने के लिए कूद गई। इसी दौरान दोनों डूब गए। घटना रामानुजगंज थाना इलाके के तातापानी चौकी की है।

जानकारी के मुताबिक, सुभाषनगर गांव के तालाब के पास सोमवार दोपहर नेहरूनगर के रहने वाले मानवी मिस्त्री (14), उसका भाई मोहित मिस्त्री (9), सुभाषनगर के दो बच्चे टिया और आनंदी मंडल खेल रहे थे। खेलते-खेलते तालाब के पास चले गए। इस दौरान मोहित मिस्त्री तालाब में उतरकर नहाने लगा। नहाने के दौरान वो गहरे पानी के अंदर चला गया। उसे अचानक डूबता देख बहन मानवी उसे बचाने के लिए तालाब में कूद गई। भाई को बचाते-बचाते वह भी गहरे पानी में चली गई। जिससे दोनों डूब गए। पिता ने बाहर निकाली लाश बाकी दो बच्चों ने भी उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों को डूबता देख वे बाहर निकल गए।

तालाब से भागकर गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। आनन-फानन में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। मानवी-मोहित के पिता विश्वनाथ मिस्त्री ने तालाब में कूदकर दोनों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थी। दोनों को रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

छुट्टी के चलते खेल रहे थे बच्चे ग्रामीणों ने बताया कि, सोमवार को छुट्टी होने के कारण चारों बच्चे खेलने चले गए थे। खेलते समय तालाब के पास पहुंच गए। हादसे में एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत से नेहरूनगर में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल, दोनों शव का रामानुजगंज में पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का किया घेराव




**इंदौर ( एजेंसी )।** इंदौर के द्वारकापुरी थाने पर सोमवार शाम बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। बताया जाता है कि 19 साल की युवती के लापता होने से परिवार कई दिनों से परेशान था, जिसके समर्थन में बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। इस दौरान फूटी कोठी चौराहे पर दो युवक वीडियो बना रहे थे, जिन्हें भीड़ ने पीट दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर युवकों को बचाया।

द्वारकापुरी थाने पर बजरंग दल के तन्नू शर्मा, पप्पू कोचले, राजेश राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता पहुंचे। यहां उन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया और लापता युवती को जल्द से जल्द खोजने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

तन्नू शर्मा के अनुसार, विश्वकर्मा समाज की एक युवती काफी समय से लापता है, जिसे एक विशेष वर्ग का युवक अपने साथ ले गया है। इस मामले में परिवार कई दिनों से थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि युवती को जल्द ढूंढ लिया जाएगा। इसके बाद हिंदूवादी कार्यकर्ता वहां से रवाना हो गए।

युवती के लापता होने के बाद परिवार ने विशेष वर्ग के युवक पर संदेह जताया था। इसके बाद पुलिस लगातार युवती की मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर रही थी। एक दिन पहले उसकी लोकेशन कर्नाटक में मिली, जिसके बाद पुलिस की टीम पहले ही वहां के लिए रवाना हो चुकी है।

द्वारकापुरी थाने जाने से पहले बजरंग दल के कार्यकर्ता फूटी कोठी चौराहे पर एकत्र हो रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने रुककर उनका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। यह देख कार्यकर्ताओं ने उनकी पिटाई कर दी। हालांकि, इस मामले में किसी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं की है।

# अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में लगी आग

**इटारसी ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है।

घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है। अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा। जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया।



आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी। बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। आग बुझाने की कोशिशें जारी है। आग लगने की इस घटना के कारण खंडवा से इटारसी आने वाला रेलवे डाउन ट्रैक पर यातायात बंद हो गया। जिसे शाम 6 बजे शुरू कर दिया गया है।

**जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी:** ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी। यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी। इस कारण आग के साथ काफी धुआं उठने लगा। जिसके बाद जनरेटर कोच में काम करने वाले कर्मचारी भी तुरंत बाहर निकले। सूचना के बाद दमकल को बुलाया गया। डोलरिया थाना पुलिस और आरपीएफ इटारसी से बल मौके पर पहुंचा।

**यात्रियों में मचा हड़कंप, ट्रेन से नीचे उतरे:** ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के रुकते ही यात्री नीचे उतर गए। ट्रेन में सवार राज नाम के यात्री के मुताबिक आग लगने की ये घटना दोपहर 4 बजकर 10 मिनट की है।

## राजधानी भोपाल और खंडवा में हुई बूंदाबांदी

**भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में सोमवार रात को कई जिलों में मौसम बदलने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी सीहोर, खंडवा, दक्षिण खरगोन, बुरहानपुर, नर्मदापुरम और देवास में हल्की आंधी के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। भोपाल और खंडवा में में शाम को बूंदाबांदी हुई।

अप्रैल के शुरुआती 3 दिनों में मध्यप्रदेश में ओले-बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इस वजह से प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों में असर देखने को मिलेगा। इससे पहले, सोमवार को रतलाम, मंदसौर, अलीराजपुर और बड़वानी में हल्की बारिश और बादल छाए रहेंगे। राजधानी भोपाल में सुबह से बादल छाए हुए हैं। वहीं, हवा की रफ्तार भी तेज है।



सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया- कि 24 घंटे के बाद मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है। जिसके पठारी क्षेत्र में टर्फ के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आनी शुरू हो जाएगी, जिससे प्रदेश में भी मौसम बदला रहेगा।

## 3 राज्यों में हीटवेव, 2 में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मौसम विभाग ने रविवार को ओडिशा, पश्चिम बंगाल, और गुजरात में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वहीं, उत्तर भारत में तेज हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान में उत्तरी हवा चलने से सुबह-शाम गुलाबी ठंड का एहसास हो रहा है। कुछ शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। मध्यप्रदेश में भी मौसम बदलेगा। अप्रैल के पहले सप्ताह में ओले, बारिश और आंधी का अलर्ट है। इधर, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तापमान 40.2 डिग्री पहुंच गया। हालांकि प्रदेश में 1 अप्रैल से हल्की बारिश का अनुमान है। आज आज दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान समेत उत्तर-पश्चिम राज्यों में 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम 1-2 अप्रैल को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ और मराठवाड़ा के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और ओले गिरने की संभावना है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में बादल छाए रहेंगे। तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट संभव है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इससे तापमान 3 डिग्री तक गिरने का अनुमान है।

## इंदौर एयरपोर्ट पर लागू हुआ समर शेड्यूल

**इंदौर ( एजेंसी )।** इंदौर एयरपोर्ट पर रविवार से अगले 6 महीने के लिए समर शेड्यूल लागू हो गया है। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से इस दौरान 100 उड़ानें संचालित होंगी। सबसे अधिक उड़ानों का संचालन इस बार भी इंडिगो ही करेगी।

हालांकि नई एयरलाइंस के रूप में स्टार एयर वापसी कर रही है। यह गोंदिया और अहमदाबाद के लिए उड़ानों का संचालन करेगी। हालांकि कंपनी ने अभी इसकी बुकिंग शुरू नहीं की है। वहीं, नोएडा के जेवर एयरपोर्ट के लिए उड़ान की घोषणा अभी नहीं हुई है। प्रस्तावित शेड्यूल में





इंडिगो ने जेवर एयरपोर्ट के लिए उड़ान की अनुमति ली थी। इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने उड़ानों का नया शेड्यूल जारी किया है। इस शेड्यूल में इंदौर से आने-जाने वाली कुल 185 उड़ानें लिस्टेड हैं। हालांकि 80 से ज्यादा उड़ानें वह हैं, जो समय या दिन के बदलाव के साथ संचालित होंगी। जिसे रिपीट नंबर के रूप में देखा जा सकता है। इसके बावजूद इंदौर के खाते में 100 से ज्यादा उड़ानें जुड़ने का दावा किया जा रहा है। फरवरी और मार्च में कई बार इंदौर से 100 उड़ानें संचालित हुई हैं। इस तरह नए शेड्यूल में नई उड़ानें जुड़ने के बाद यह आंकड़ा 100 से ज्यादा होना तय माना जा रहा था।

## खजुराहो में बेटे ने पिता को पीट-पीटकर मार डाला

**खजुराहो ( एजेंसी )।** खजुराहो में एक युवक ने हनुमान मंदिर में रखी गदा से पीट-पीटकर अपने पिता की हत्या कर दी। उसने चचेरे भाई पर भी हमला किया, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना भरवा गांव की सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे की है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। आरोपी युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है।

वीडियो में आरोपी बेटा रामपाल (30) के दोनों हाथ बंधे हुए दिख रहे हैं। पास में उसके पिता मनकू पाल (55) की लाश पड़ी है। वीडियो में आरोपी वह जोर-जोर से अपने



पिता का खून पीने की बात कर रहा है। वीडियो में डायल 100 की गाड़ी और कुछ ग्रामीण भी दिख रहे हैं। उसने अपने चचेरे भाई महेश पाल (25) पर भी हमला किया था।

## यूपी में 10 लाख मुस्लिम परिवारों को सौगात-ए-मोदी किट

**लखनऊ ( एजेंसी )।** संभल में मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच ईद-उल-फितर के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से यूपी के 10 लाख गरीब मुस्लिम परिवारों को सौगात-ए-मोदी बांटी जा रही है। शनिवार को राजधानी लखनऊ में भी शिया बहुल इलाकों में मुसलमानों को किट बांटी गई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वोट बैंक के लिए भाजपा की ओर से किए जा रहे ध्रुवीकरण के चलते इसका फायदा भाजपा को नहीं होगा। इतना ही नहीं, मुस्लिमों और भाजपा के बीच चल रहे टकराव में भी कोई नरमी आने की संभावना



नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का नारा दिया है।

यूं तो मोदी सरकार की हर महत्वाकांक्षी योजना के लाभार्थियों में बड़ी संख्या में मुस्लिम लाभार्थी भी हैं। लेकिन, पहली बार पीएम मोदी की ओर से ईद पर गरीब मुसलमानों के लिए सौगात-ए-मोदी की किट बांटी जा रही है। यह किट भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारी बांट रहे हैं।

## भाजपा ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना, कहा अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को विरोध का सामना करना पड़ा। ममता बनर्जी वहां सामाजिक विकास - बालिका और महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण दे रही थीं, जब कुछ छात्रों ने उनका विरोध करते हुए भाषण को बीच में ही रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पोस्टर दिखाए और %गो बैक% के नारे लगाए। ये प्रदर्शन पश्चिम बंगाल में हुई चुनावी हिंसा और आरजी कर कॉलेज में हुई दुष्कर्म और हत्या केस को लेकर था। प्रदर्शनकारियों ने ममता से सवाल किया और राज्य की स्थिति पर अपनी असहमति जताई। प्रदर्शनकारियों के सवालों का जवाब देते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि टाटा ग्रुप अब खड़गपुर और राजारहाट में उद्योग लगा रहा है, और इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। जब प्रदर्शनकारियों ने आरजी कर कॉलेज के मामले पर सवाल उठाया, तो ममता ने कहा कि यह मामला अभी कोर्ट में है और इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी द्वारा की जा रही है। इसके अलावा ममता ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि कृपया राजनीति न करें।

इस दौरान, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली भी दर्शकों में मौजूद थे। भाजपा ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुख्यमंत्री को देश की छवि को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए थी। भाजपा प्रवक्ता सजल घोष ने कहा कि ममता को इस तरह के सार्वजनिक मंच पर अपनी सरकार की आलोचना नहीं करनी चाहिए थी।

# मणिपुर समेत 3 राज्यों में एफएसपीए 6 महीने बढ़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, मणिपुर में जारी हिंसा के कारण कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। मणिपुर के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में 1 अप्रैल 2025 से अगले छह महीने तक एफएसपीए लागू रहेगा। इससे पहले सितंबर 2024 में मणिपुर के 6 जिलों में छह महीने के लिए एफएसपीए लागू किया गया था। यह इसी साल 31 मार्च को समाप्त हो रहा था, लेकिन राज्य में जारी हिंसा के चलते



अब यह फैसला लिया गया है। नगालैंड और अरुणाचल के कुछ इलाकों में अशांति के कारण एफएसपीए लागू अधिसूचना के मुताबिक, नगालैंड के दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके अलावा कोहिमा, मोकोकचुंग, लोंगलेंग, वोखा और जुनहेबोटो जिलों के कुछ पुलिस थाना क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। यहां भी 1 अप्रैल 2025 से अगले छह महीने तक एफएसपीए लागू रहेगा। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के साथ 3 पुलिस थाना क्षेत्रों में भी छह महीने के लिए एफएसपीए बढ़ा दिया गया है।

एफएसपीए में बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार एफएसपीए को केवल अशांत क्षेत्रों में लागू किया जाता है। इन जगहों पर सुरक्षाबल बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं। कई मामलों में बल प्रयोग भी हो सकता है। पूर्वोत्तर में सुरक्षाबलों की सहूलियत के लिए 11 सितंबर 1958 को यह कानून पास किया गया था। 1989 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर यहां भी 1990 में एफएसपीए लागू कर दिया गया। अशांत क्षेत्र कौन-कौन से होंगे, ये भी केंद्र सरकार ही तय करती है। जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए मणिपुर में मई 2023 से जारी जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## जयपुर से उड़े स्पाइसजेट प्लेन का टायर फटा

**जयपुर ( एजेंसी )।** जयपुर से चेन्नई गई स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। घटना रविवार (30 मार्च) सुबह की है। चेन्नई एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार टायर में खराबी की सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मिली थी। इसके बाद अलर्ट जारी किया गया है प्लेन को सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में एसजी -मेंबर सहित 200 लोग सवार थे। दरअसल, फ्लाइट स्त्र - 9046 ने शनिवार देर रात 1 बजकर 55 मिनट पर जयपुर से चेन्नई के लिए उड़ान भरी थी।

ढाई घंटे बाद फ्लाइट के पायलट को पता चला की फ्लाइट की टायर में खराबी है। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट से संपर्क कर चेन्नई में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी।

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार फ्लाइट में मौजूद सभी पैसेंजर सुरक्षित हैं। खराबी को लेकर जांच की जा रही है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार फ्लाइट में मौजूद सभी पैसेंजर सुरक्षित हैं। खराबी को लेकर जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार पायलट को लैंडिंग से पहले ही पता चल गया था कि फ्लाइट का टायर नंबर दो क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट को बताया- टायर के कई हिस्से हो चुके हैं। ऐसे में फिलहाल फ्लाइट की नॉर्मल लैंडिंग संभव नहीं है। इसके बाद फ्लाइट को इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन दी। सूत्रों के अनुसार इस पूरे घटनाक्रम के बाद एयरलाइंस कंपनी ने फ्लाइट के टायर में आखिरी वक्त पर आई प्रॉब्लम की जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट टीम का गठन भी किया गया है। यह टीम इस बात का पता करेगी कि आखिर किस स्तर पर गलती हुई है। क्या प्लेन के रखरखाव में किसी कमी के चलते तो यह हादसा नहीं हुआ है।

# एमएस धोनी को मिला खास सम्मान, बीसीसीआई सचिव ने मोमेंटो देकर किया सम्मानित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2025 मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं इस मुकाबले से पहले एमएस धोनी को विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में 18 सीजन पूरे होने पर दिया गया। बता दें कि, एमएस धोनी आईपीएल के पहले सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं। टीम पर जब 2 साल बैन लगा था तब वह पुणे के लिए खेले थे, उसके बाद वह फिर सीएसके में लौट आए थे। बीसीसीआई के सचिव श्री देवजीत सैकिया द्वारा एमएस धोनी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। धोनी ने अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 बार चैंपियन बनाया है, अभी वह कप्तान नहीं हैं लेकिन टीम के लिए खेल रहे हैं। आईपीएल सीज 18 के पहले मैच में विराट कोहली भी इसी तरह का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया था।

बता दें कि, धोनी का जलवा सिर्फ मैदान तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि उनके फैंस के बीच भी उनकी विरासत गूंजती रहती है। हाल ही में वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए, उन्होंने 4,699 रनों के साथ सुरेश रैना को पीछाड़ दिया है। ये रिकॉर्ड उन्हें लीग के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में और मजबूत करता है। ये मैच सिर्फ धोनी की मौजूदगी के कारण ही नहीं, बल्कि इसलिए भी खास है क्योंकि ये पहली बार है जब बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें जीत की राह पर लौटना चाहेंगी, फैंस इस रोमांचक मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




# सानिया मिर्जा की बहन अनम मिर्जा की दावत ए रमजान में गोलीबारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सानिया मिर्जा की तरह उनकी बहन अनम मिर्जा भी काफी चर्चित हैं। अनम मिर्जा पेशे से फैशन डिजाइनर हैं और सोशल मीडिया पर अपने फैशन सेंस का जलवा बिखेरती रहती हैं। अनम मिर्जा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है, दरअसल, 29 मार्च को अनम मिर्जा ने हैदराबाद मं दावत-ए-रमजान प्रदर्शनी आयोजित की थी, वह इस तरह की प्रदर्शनी हर साल आयोजित करती हैं, जिसमें लोगों का आना-जाना लगा हुआ था, तभी अचानक अनम मिर्जा के फंक्शन में गोलीबारी होने लगी, गोलियां चलने से आस-पास हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलस ने पहुंच कर एक शख्स को गिरफ्तार भी कर लिया है।

# हमने गलतियां की और मैदान पर पेशेवर रवैया नहीं दिखाया- पंड्या

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 36 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम ने काफी गलतियां की और पेशेवर रवैया नहीं दिखाया। .टाइटंस के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स की टीम प्रसिद्ध कृष्णा (18 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (34 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सूर्यकुमार यादव (48) और तिलक वर्मा (39) के बीच तीसरे विकेट की 62 रन की साझेदारी के बावजूद छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। टाइटंस ने इससे पहले साई सुदर्शन की 41 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 63 रन की पारी तथा कप्तान शुभमन गिल (38) के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 78 और जोस बटलर (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 196 रन बनाए। पंड्या ने मैच के बाद कहा, '' कुछ गलतियां हुईं, हम मैदान में काफी पेशेवर नहीं थे जिसकी वजह से हमें शायद 20-25 रन का नुकसान हुआ। उन्होंने (टाइटंस के सलामी बल्लेबाजों) पावरप्ले में सही काम किया, उन्होंने ज्यादा जोखिम वाले शॉट नहीं खेले, उन्होंने काफी रन बनाए और इससे हम बैकफुट पर आ गए।'' उन्होंने कहा, '' अभी शुरुआती चरण है लेकिन साथ ही, बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा और उम्मीद है कि वे जल्द ही ऐसा करेंगे।

जब इतना अधिक असमान उछाल होता है तो बल्लेबाज के तौर पर यह मुश्किल हो जाता है।

# बीसीसीआई ने पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना लगाया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने धीमी ओवर गति के लिए मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। पंड्या पर पिछले सत्र में भी इसी कारण जुर्माना और एक मैच का प्रतिबंध भी लगा था। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने समय रहते 20वें ओवर की शुरुआत नहीं की। इसके लिए मुंबई इंडियंस को सजा के तौर पर अंतिम ओवर में केवल चार ही खिलाड़ियों को 30 गज के दायरे के बाहर रखने की अनुमति थी। इससे भी मुंबई इंडियंस को हुआ था। इसके अलावा उनपर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा है।

आईपीएल की ओर से कहा गया कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2025 के मैच में धीमी ओवर गति रखी थी। यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ी है। इस बार धीमी ओवर गति के तीन अपराधों के बावजूद किसी खिलाड़ी को प्रतिबंधित नहीं किया जाएगा। इस बार इसकी जगह पर नकारात्मक अंक दिये जाएंगे।

# धोनी-अश्विन की जुगलबंदी के आगे चकमा खा गए नितीश रेड्डी







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भले ही 43 साल के हो गए हैं लेकिन आज भी हो अच्छे-अच्छों को मात दे रहे हैं। वो आईपीएल 2025 में भी कुछ ऐसा ही कर रहे हैं, उनकी तेजतर्रार स्टंपिंग का सबसे नया शिकार नितीश राणा बने हैं। इस मैच में नितीश ने मात्र 21 गेंद में पचासा जड़ दिया था, वहीं मैच में उन्होंने 36 गेंद में 81 रनों की तूफानी पारी खेली। लेकिन रविचंद्रन अश्विन और एमएस धोनी ने उनके साथ ऐसी चालाकी खेली कि नितीश सब देखते रह गए और धोनी ने उनकी गिल्लियां उड़ा दीं। नितीश राणा, चेन्नई सुपर किंग्क के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर रहे थे। ये मामला राजस्थान की पारी के 12वें ओवर का है। रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजी कर रहे थे, उनके ओवर की दूसरी गेंद पर नितीश राणा ने छक्का लगाया, वहीं तीसरी बॉल पर उन्होंने चौका जड़ दिया था। राणा ओवर की चौथी गेंद पर भी बड़ा शॉट लगाना चाहते थे। राणा बड़ा शॉट खेलने के इरादे से आगे बढ़ गए, लेकिन अश्विन ने चालाकी दिखाते हुए वाइड गेंद फेंक दी थी। राणा पूरी तरह चकमा खा गए, जिसके बाद धोनी के लिए उन्हें स्टंप आउट करना महज औपचारिकता मात्र रह गई थी। धोनी-अश्विन की इस जुगलबंदी के कारण नितीश राणा शतक लगाने से चूक गए। नितीश राणा अपने आईपीएल करियर में कभी तक नहीं लगा पाए हैं। चेन्नई के खिलाफ मैच में उन्होंने अपने आईपीएल करियर की 19वीं हाफ-सेंचुरी लगाई है। अभी तक इस लीग में उनका सर्वाधिक स्कोर 87 रन है। नितीश राणा ने अभी तक अपने आईपीएल करियर में 110 मैचों में 2,736 रन बनाए हैं।

# विजय शंकर के नाम अनोखा रिकॉर्ड हुआ दर्ज, प्लेइंग 11 में मौका मिलते ही किया ऐसा काम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच खेला जा रहा है। चेन्नई की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। चेन्नई ने आज अपनी प्लेइंग 11 में भी बदलाव किया। उन्होंने पहले दो मैचों में खेले सैम करन की जगह विजय शंकर को मौका मिला। इसकेसाथ ही विजय शंकर के नाम पर एक अनोखा रिकॉर्ड जुड़ गया है। असल में विजय शंकर ने लंबे समय के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के खेमे में वापसी की है।

विजय शंकर ने साल 2014 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए रांची में डेब्यू किया था। इसके बाद विजय शंकर ने रविवार को फिर से चेन्नई के खेमे में वापसी की। इस दौरान विजय शंकर ने कुल 123 माच खेले, जिसमें सीएलटी20 के मैच भी शामिल हैं। यानी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पहला मुकाबला खेलने और फिर से वापसी करने के बीत उनके लिए कुल 123 मैच का अंतर रहा। ये चेन्नई के लिए दो मैचों के बीच सबसे बड़ा अंतर है। इससे पहले ये रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम पर था। अश्विन ने सीएसके लिए आईपीएल 2014 का फाइनल मैच खेला था। इसके बाद उन्होंने इस सीजन का पहला मैच चेन्नई के लिए खेला।

आज के मैच में खेलते हुए विजय शंकर को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला। हालांकि, उन्होंने फील्डिंग में शानदार प्रदर्शन किया। विजय शंकर ने वानिंदू हसरंगा का शानदार कैच पकड़ा। इससे पहले चेन्नई की टीम ने कुछ कैच छोड़े थे। ऐसे में जब वानिंदू हसरंगा ने जडेजा की गेंद पर मिडविकेट की दिशा में शॉट खेला। विजय शंकर ने आगे की तरफ डाइव लगाते हुए बेहद शानदार कैच पकड़ा। उन्होंने मैदान से कुछ इंच ऊपर ही ये कैच लपककर हसरंगा को चलता कर दिया।

# एसआरएच के खिलाफ मिचेल स्टार्क ने 5 विकेट लेकर रचा इतिहास, टी20 में लगाया दोहरा शतक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बड़ा कारनामा किया है। विशाखापत्तनम में हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में स्टार्क ने सिर्फ 3.4 ओवर में 35 रन देकर 5 विकेट झटके, जिससे वह टी20 क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे करने वाले चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए। टी20 में 200 विकेट पूरा करने के साथ-साथ ही स्टार्क ने कई और बड़े




रिकॉर्ड अपने नाम किए। वह दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से आईपीएल में 5 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने, जबकि इससे पहले ये उपलब्धि सिर्फ अमित मिश्रा के नाम थी। साथ ही वह दिल्ली की तरफ से ये कारनामा करने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी भी बने।

इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, लेकिन स्टार्क की धारदार गेंदबाजी के आगे टीम महज 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई।

# कुलदीप यादव ने खुद किया कबूल, कहा- सुनील नरेन ने लेंथ गेंदबाजी करने का महत्व सिखाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** धाकड़ स्पिनर कुलदीप यादव ने आईपीएल 2025 के दौरान वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिन ऑलराउंडर सुनील नरेन की शान में कसीदा पढ़ा है। कुलदीप ने नरेन से एक हुनर से एक हुनर सीखा है। 30 वर्षीय कुलदीप ने कबूल किया कि नरेन ने लेंथ गेंदबाजी करने का महत्व सिखाया, जिससे उन्हें और अधिक प्रभावी स्पिनर बनने में मदद मिली। कुलदीप दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। वहीं 36 वर्षीय नरेन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। हालांकि, दोनों केकेआर के लिए लंबे समय तक साथ में खेल चुके हैं। कुलदीप हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम में थे।




कलाई के स्पिनर कुलदीप ने जियो हॉटस्टार से कहा कि, एक गेंदबाज के रूप में आपको हावी होने का लक्ष्य रखना चाहिए। जसप्रीत बुमराह और सुनील नरेन जैसे खिलाड़ियों ने लगातार ऐसा किया है। मैंने केकेआर में रहते हुए सुनील नरेन से बहुत कुछ सीखा। वह अपने समय से आगे थे। उन्होंने हमेशा लेंत गेंदबाजी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, उस समय मुझे लगता था कि मैं केवल अपने कौशल पर भरोसा कर सकता हूं लेकिन अब मुझे लगता है कि वह बिल्कुल सही थे। चोट से वापसी के बाद से मैंने अपनी लेंथ पर बहुत ध्यान दिया है और इससे काफी फर्क पड़ा है। कुलदीप आईपीएल के मौजूदा सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी की एक विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मुकाबले में दो शिकार किए थे। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में टॉप आक्रामक बल्लेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए आईपीएल में अच्छी इकोनाम रेट बनाए रखना बेहद मुश्किल है। बाएं हाथ के स्पिनर ने कहा कि, आईपीएल गेंदबाजों के लिए बहुत कठिन है ये अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है। आप विकेट ले सकते हैं लेकिन आप हमेशा 6 या 7 रन प्रति ओवर की इकोनाम रेट बनाए रखने की उम्मीद नहीं कर सकते। ये उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों की मौजूदगी में एक चुनौतीपूर्ण फॉर्मेट है।

# भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल जारी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अगले ऑस्ट्रेलिया दौरे का ऐलान हो गया है। 2025-26 में भारत मल्टी फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। इसके शेड्यूल का ऐलान क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को कर दिया है। मेन इन ब्लू 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। वनडे मुकाबले डे नाइट होंगे, जबकि टी20 मैच रात के मैच होंगे। भारत के इस ऑस्ट्रेलिया दौरे में सबसे खास बातये रहेगी कि इस टूर पर होने वाले सभी 8 मुकाबले अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। जिसमें कैनबरा और होबार्ट शामिल हैं। भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, जहां उन्हें 5 मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था।


भारत के आने से पहले ऑस्ट्रेलिया को तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की मेजबानी करनी है। ये सीरीज एक बड़ा पल होगा क्योंकि डार्विन 17 साल बाद अपने पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा। इसके अलावा, केयर्न्स और मैके भी अगस्त में प्रोटियाज का स्वागत करने की सूची में हैं।

2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कोरेक्स पकड़ने गई पुलिस के हाथ लगे खाली कार्टून

# जहां मिलना था नशीली कफ सिरप का बड़ा जखीरा वहां से खाली हाथ लौटी पुलिस टीम

### मुखबिर की जानकारी लीक होने पर आरोपियों ने कर दिया सिरप का सफाया






**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** समान थाना क्षेत्र अंतर्गत रतहरा मोहल्ले में सोमवार को उस वक्त अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया अवैध रूप से बिक रही नशीली कफ सिरप की सूचना पर पुलिस की टीम ने एक घर में दबिश दी परंतु वहां से पुलिस को खाली कार्टून लेकर ही लौटना पड़ा और जबकि इस कार्यवाही के लिए पुलिस की टीम ने करीब 2 घंटे तक का समय महज योजना बनाने में गंवाया था जिससे वह संदिग्ध घर में जाए और सीधे शीशियों की लाइन उन्हें मिल जाए बाबजूद इसके पुलिस को खाली हाथ ही लौटना पड़ा।

बताया जा रहा है कि इस कार्यवाही के लिए मुखबिर ने रीवा संभाग के पुलिस महानिरीक्षक, उप पुलिस महानिरीक्षक और एसपी से लेकर एडिशनल एसपी तक को जानकारी देनी चाही ताकि अवैध नशीली कफ सिरप का बड़ा जखीरा बरामद हो सके मगर इसके बाद भी गुप्त जानकारी लीक हो गई और पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपियों ने सिरप का सफाया कर दिया जिससे मौके पर पहुंची पुलिस टीम को वहां पर सिर्फ नशीली कफ सिरप यानी कोरेक्स की खाली कार्टून बस ही मिल सकी जिसके साथ में पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लिया की इनसे पूछताछ कर जानकारी एकत्र की जाएगी लेकिन समान थाना पुलिस उक्त संदेहियों से राज उगलवाने में भी नाकाम ही रही।

जानकारी के मुताबिक समान थाना क्षेत्र स्थित रतहरा मोहल्ले में के जिस घर में पुलिस ने अवैध नशीली सिरप की सूचना पर कार्यवाही की है वहां पर पुलिस के पहुंचने के पहले ही जानकारी लीक होने के कारण सिरप का सफाया कर दिया गया है मगर मौके से पुलिस ने करीब दर्जनभर खाली कार्टून बरामद किए हैं जिसमें कोरेक्स बिक्री को लेकर एक स्टीकर लगा हुआ था तथा बिल फॉर्मेट पर लगे उस स्टीकर से चीजें साफ हो रही हैं कि पुलिस के पहुंचने तक वहां पर नशीली सिरप का बड़ा जखीरा था परंतु फिर भी सामान थाना पुलिस की मैनेजमेंट नीति के कारण हिरासत में लिए गए आरोपियों से उसके राज नहीं निकाले जा सके।

आपको बता दें पुलिस की कार्यवाही से ठीक ढाई घंटे पहले पुलिस को सूचना देने वाले शख्स ने अपनी जान जोखिम में डालकर वहां की वीडियो बनाई थी जिसमें साफ जाहिर हो रहा था कि यहां व्यापक पैमाने में अवैध सिरप की खेप रखी हुई है बावजूद इसके सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम लगभग 2 घंटे देरी से पहुंची जिसके कारण जानकारी लीक होने पर आरोपियों ने पहले ही सिरप का सफाया कर दिया और पुलिस को यह कहने का मौका मिल गया कि मुखबिर की सूचना गलत थी।

दरअसल नशीली कफ सिरप यानी कोरेक्स जिसे आमतौर पर लोग खांसी की दवाई के रूप में लेते हैं मगर रीवा में इसका प्रचलन नशे के रूप में हो गया है जिसके कारण जिला प्रशासन ने यहां की मेडिकल दुकानों में इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है मगर नशे के शौकीन लोग जब मेडिकल दुकानों में इसे प्राप्त नहीं कर सके तो खुद ही कोरेक्स के सौदागर बन अवैध तरीके से इस नशीली सिरप की बिक्री करना शुरू कर दिया परन्तु पुलिस की टीम शहर में फैल रही इस महामारी को रोकथाम के प्रयास किए बिना आरोपियों को संरक्षण देने में जुटी हुई है जिससे अगर कोई आम व्यक्ति इस तरह के अपराध की सूचना पुलिस को देता है तो उसकी यह गुप्त जानकारी तत्काल लीक होकर बिक्री करने वाले माफियाओं तक पहुंच जाती है। वहीं जब कार्यवाही की जानकारी आरोपियों तक पहुंचती है तो वह पहले ही सिरप का सफाया कर देते हैं और बदले में पुलिस के उन चंद सेटिंगबाजों तक उनका उपहार पहुंचाया जाता है।

## एक साथ हजारों लोगों ने नमाज अता कर ईद का जश्न मनाया



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। ईद पर मस्जिदों में एक साथ हजारों लोगों ने नमाज अता कर ईद का जश्न मनाया, साथ ही एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी और दुनिया में अमन-चयन की दुआएं मांगी।ईद के त्यौहार में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने करीबियों के घर जाकर बधाइयां दी साथ ही पकवान खाकर त्यौहार का लुफ्त उठाते हुए नजर आए। बता दें कि ईद के पहले मुस्लिम समाज के लोगों ने 30 दिन तक रोजे रखे, फिर जैसे ही चांद दिखा तो दूसरे दिन ईद का त्यौहार मनाया। बतादें कि नवरात्र, झूलेलाल जयंती और ईद के त्यौहार के चलते जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। पुलिस विभाग द्वारा ड्रोन से शहर के मुख्य चौराहों पर निगरानी रखी गई। सभी मस्जिदों के बाहर बतौर सुरक्षा पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में सिविल ड्रेस में पुलिस अधिकारी तैनात रहे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व त्याग, सेवा और भाईचारे का प्रतीक है। यह त्योहार हमें समाज में एकता और सौहार्द्र को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उपवास और इबादत के इस पवित्र महीने के बाद ईद का त्योहार सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाए, ऐसी कामना है।

## एसजीएमएच रीवा में आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर ठगी



### महिला को 6 हजार दिलाने का दिया झांसा, मोबाइल और दस्तावेज लेकर हुआ फरार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संजय गांधी अस्पताल में चोरों के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ताजा मामला आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर ठगी का है, जहां एक ठग ने महिला को 6,000 रुपए दिलाने का झांसा देकर उसका मोबाइल और जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए।

पीड़ित महिला शकुंतला गोस्वामी ने बताया कि उनकी भांजी पुष्पा गोस्वामी अस्पताल में भर्ती है। उसके इलाज के लिए वे आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहती थीं। इसी दौरान एक युवक अस्पताल के आयुष्मान काउंटर के पास पहुंचा और खुद को अस्पताल प्रबंधन का कर्मचारी बताकर उनसे बातचीत करने लगा।

युवक ने विश्वास में लेकर कहा कि मोबाइल पर ओटीपी आएगा और उन्हें फोर्थ फ्लोर पर चलना होगा। शकुंतला उसके साथ जाने लगीं, लेकिन रास्ते में युवक ने कहा कि दरवाजे से एंट्री नहीं है, इसलिए वहीं रुकने को कहा। उसने भरोसा दिलाया कि वह आयुष्मान कार्ड की प्रति लेकर आएगा, लेकिन कुछ देर बाद महिला को समझ आ गया कि वह ठग था और फरार हो चुका था।

ठगी का एहसास होते ही पीड़िता अस्पताल चौकी पहुंची, जहां से उन्हें अमहिया थाने भेजा गया। महिला ने वहां शिकायती आवेदन दिया है। इस पर अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस जल्द ही आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

रीवा में ईद की नमाज अदा कर मोहनिया टनल गए थे, हादसे में बाइक के हुए टुकड़े-टुकड़े

## हाइवा से टकराई बाइक, चार लोगों की गई जान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में सोमवार को बाइक और हाइवा ट्रक की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। ईद की नमाज अदा करने के बाद ये लोग एक ही बाइक पर सवार होकर मोहनिया टनल घूमने गए थे। वहां से लौटते समय चौडियार मोड़ के पास हादसा हो गया।





टक्कर के बाद पल्सर बाइक के कई टुकड़े हो गए। हादसे में सत्यम साकेत, मोहम्मद जुम्मन, मोहम्मद अफ़रीद मंसूरी और मोहम्मद शादाब की मौत हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने गुढ़ पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवा को जब्त कर लिया है। शवों को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया।

### स्कूल चले हम अभियान का आयोजन सुनिश्चित करायें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में एक अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र आरंभ हो रहा है। इसके लिए सभी स्कूलों में तैयारियाँ की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने रीवा और मऊगंज जिले के सभी संकुल प्राचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को स्कूल चले हम अभियान के तहत एक अप्रैल को स्कूल में प्रवेशोत्सव के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि एक अप्रैल को धूमधाम के साथ विद्यार्थियों का शाला में प्रवेश कराएं। यदि कोई विद्यार्थी शाला से टीसी लेकर जा रहा है तो उसकी सूची बनाकर प्रस्तुत करें। साथ ही इस बात की भी पूरी जानकारी रखें कि उसने किस स्कूल में प्रवेश लिया है। शाला से किसी भी कारण से बाहर जाने वाले बच्चे का अन्य शाला में प्रवेश अनिवार्य रूप से कराएं। शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू होने से पूर्व नए शिक्षण सत्र के लिए विद्यार्थियों को अस्थाई प्रवेश तत्काल दें।

## एसजीएमएच में स्ट्रेचर पर एक घंटे तक तड़पता रहा मरीज, नहीं किया गया भर्ती

### परिजन बोले- 12 घंटे से आंख तक नहीं खोली



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संजय गांधी अस्पताल से मरीज के इलाज में लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां एक मरीज दर्द से कराहते हुए और जोर-जोर से रोते हुए घंटों तक स्टेचर पर पड़ा रहा, लेकिन डॉक्टरों ने केवल कुछ दवाएं देकर उसे घर भेज दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि मरीज की हालत अभी ऐसी नहीं है कि उसे भर्ती किया जाए। जिसके बाद परिजन मरीज को एक निजी अस्पताल में ले गए।घायल युवक के परिजनों का आरोप है कि हम रात से मरीज को लेकर भर्ती करवाने के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन गंभीर हालत होने के बाद भी मरीज को भर्ती नहीं किया जा रहा। जबकि मरीज पिछले 12 घंटे से आंख तक नहीं खोल रहा।

रात में हमें यह कहकर जाने के लिए कहा गया कि सुबह तक मरीज की हालत में सुधार आ जाएगा। लेकिन जब 12 घंटे के बाद भी मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं आया। वह लगातार रोता रहा तो हम मजूबरन उसे दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे।

इसके बावजूद भी उसे भर्ती नहीं किया गया और वह तकरीबन 1 घंटे तक अस्पताल के बाहर स्टेचर पर लेटा रहा। लेकिन किसी भी डॉक्टर या स्टाफ ने उसे देखने की जरूरत नहीं समझी। घायल जसीम शाह के भाई जाकिर शाह ने बताया कि वे मुकुंदपुर से इलाज के लिए रीवा आए थे। जसीम पर पुरानी रंजिश के चलते लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला किया गया, जिससे उसे गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। चूंकि संजय गांधी अस्पताल संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है, इसलिए वे यहां इलाज के लिए पहुंचे थे। लेकिन उन्हें केवल कुछ टैबलेट देकर भेज दिया गया, जबकि मरीज पिछले 15 घंटे से दर्द से तड़प रहा था।

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज की स्थिति गंभीर नहीं थी, इसलिए उसे भर्ती नहीं किया गया।

## पुस्तक मेले का आयोजन 4 और 5 को

**रीवा.**जिले में संचालित सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को रियायती दर पर किताबें और गणवेश उपलब्ध कराने के लिए पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि छात्रों व अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुस्तक मेला चार व पाँच अप्रैल को मानस भवन में आयोजित किया जायेगा। इसमें जिले के सभी पुस्तक, स्टेशनरी और गणवेश विक्रेता शामिल होंगे। सभी दुकानदारों को पंजीयन कराने के बाद दुकान लगाने की सुविधा दी जाएगी। पुस्तक मेले में सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की किताबें और गणवेश उपलब्ध रहेंगी। बतादें कि पूर्व में यह पुस्तक मेला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक तीन परिसर में दो एवं तीन अप्रैल को आयोजित होना था, लेकिन गर्मी और धूप की वजह से इसमें परिवर्तन किया गया है।

## वारदात से पहले ही पुलिस ने लाठी-डंडे जब्त कर लिए



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़िया में अतिक्रमण हटाने गए पुलिस और प्रशासनिक अमले से विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया और वारदात से पहले ही लाठी-डंडे जब्त कर लिए।

बतादें कि पहाड़िया बस स्टैंड में एक दुकान हटाने को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अमला जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचा था। इस दौरान उक्त अतिक्रमण को हटाए जाने की तैयारी की जा रही थी तभी स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि यह दुकान राजनीतिक दबाव के चलते हटाई जा रही है जो पूरी तरह से गलत है। इसी को लेकर लाठी-डंडे और पत्थर निकल आए वहीं मौके पर पहुंची रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने दुकान के अंदर से डंडे जब्त करते हुए पत्थर लेकर खड़े लोगों को समझाइश दी और पूरे मामले को शांत कराया। जिसके बाद अतिक्रमण हटाने गई टीम वापस लौट आई, दुकान संचालक राघवेंद्र विश्वकर्मा ने मामला न्यायालय में चलने का हवाला दिया है।

## चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर की लाखों की चोरी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और नगदी सहित लाखों रुपए के जेवरात लेकर चंपत हो गए। आरोपी सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं, जिनकी पुलिस पहचान करने का प्रयास कर रही है। घटना समान थाने के बाणसागर कॉलोनी की बताई जा रही है। यहां रहने वाले कुलदीप सिंह अपने गांव चले गए थे और उनके पर चोरों की नजर पड़ गई। बेखौफ चोर घर के अंदर दाखिल हुए और अलमारी तोड़कर उसमें रखे जेवरा सहित नगद रुपए लेकर चंपत हो गए। आरोपी करीब डेढ़ घंटे तक घर के अंदर मौजूद रहे। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। जिस पर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। हालांकि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# विश्व जल दिवस पर जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित हुआ जल संवाद कार्यक्रम

### जल संरक्षण के संबंध में ग्रामीणों से किया गया संवाद, नाले में बोरीबंधान कार्य किया






**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विश्व जल दिवस पर जन अभियान परिषद से संबद्ध संस्थाओं द्वारा ज़िलें के विभिन्न ग्रामों में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम छिजवार व दादर में सम्भागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने संवाद कार्यक्रम में जल की महत्ता व जल संरक्षण के विषय में ग्रामीण जनों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हमे आज जल बचाना होगा। हमे पानी बचाने के परंपरागत व आधुनिक दोनों तरीको का उपयोग करते हुए समाज को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। ऐसे व्यक्ति जो प्रकृति संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे है। उन्हें सम्मानित करना होगा। जल गंगा अभियान के तहत त्योंथर विकासखण्ड के सेंगरवार व सतपुरा में बघेड़ी नाले में तथा मऊगंज जिले के निहाई नदी में भी बोरीबंधान का कार्य किया गया। बोरीबंधान किया गया। कार्यक्रम को विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी व नवांकुर संस्था सर्वोदय विंध्य विकास समिति के सचिव बृजेश सिंह व दीपा शिशु शिक्षा समिति के अध्यक्ष दयानंद तिवारी, जन कल्याण देशभक्ति सेवा मंडल के अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह व सचिव विशाल सिंह, बृजभूषण तिवारी, अरुण पांडे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण व समाजसेवी उपस्थित रहे।

## एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में होंगें कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रदेश के साथ-साथ में जिले में भी नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा है कि हर विद्यार्थी का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करायें। जिला-शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चकधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।